Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

### अल्लाह तआला का आदेश

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيۡنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَذَرُوۡا مَا بَقِىَ مِنَ الرِّبٰٓوا اِنۡ كُنۡتُمۡ مُّؤۡمِنِيۡنَ ○ فَاِنۡ لَّمۡ تَفۡعَلُوۡا فَاۡذَنُوۡا بِحَرۡبٍ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوۡلِهٖ ۚ

(सूरतुल बक़रा आयत :279.280)

**अनुवाद:** हे वे लोगों जो ईमान लाए हो अल्लाह से डरो और छोड़ दो जो सूद में बाकी रह गया है अगर तुम वास्तव में मोमिन हो। और अगर तुम ने इस प्रकार ने किया तो अल्लाह और उस के रसूल की तरफ से जंग का एलान सुन लो।

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ   نَحۡمَدُهٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِهِ الۡكَرِيۡمِ   وَعَلٰی عَبۡدِهِ الۡمَسِيۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष 3

साप्ताहिक क़ादियान

# बदर

The Weekly
BADAR Qadian
HINDI

अंक 46-47

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

6-13 रबीयुल अव्वल 1439 हिजरी कमरी 22-15 नबुव्वत 1397 हिजरी शमसी 15-22 नवम्बर 2018 ई.

### अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

**सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।**

## मुसलमानों के लिए सहीह बुख़ारी बहुत अधिक बरकत वाली और लाभदायक किताब है यह वही किताब न होगा जिस में साफ तौर पर लिखा है कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम वफात पा गए हैं। इसी प्रकार मुस्लिम की और दूसरी हदीस की किताबें बहुत एस मआरिफ तथा मसलों का भंडार अपने अन्दर रखते हैं इस सावधानी से इन पर अनुकरण वाजिब है कि कोई विषय इस प्रकार का न हो जो कुरआन और सुन्नत और उन हदीसों से जो कुरआन के अनुसार हैं।

### *उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम*

ऐसी सैकड़ों हदीसें हैं जिन में भविष्यवाणी हैं और हदीस के विद्वानों के निकट उनमें से अधिकांश कमज़ोर, बनावटी या तर्क-वितर्क वाली हैं। अत: यदि कोई हदीस उनमें से पूरी हो जाए और तुम यह कहकर टाल दो कि हम इस को नहीं मानते क्योंकि यह हदीस कमज़ोर है या उसको बयान करने वाला पवित्र आचरण वाला नहीं है। तो ऐसी स्थिति में तुम्हारी स्वयं बेईमानी होगी कि ऐसी हदीस को रद्द कर दो जिसकी सच्चाई को ख़ुदा ने सिद्ध कर दिया है। विचार करो यदि ऐसी हज़ार हदीसें हों और हदीस के विद्वानों के निकट कमज़ोर हों और हज़ार भविष्यवाणियां उसकी सच्ची निकलें तो क्या तुम उन हदीसों को कमज़ोर कहकर इस्लाम के हज़ार प्रमाणों को नष्ट कर दोगे। अत: ऐसी स्थिति में तुम इस्लाम के शत्रु ठहराए जाओगे। ख़ुदा का कथन है-

فَلَا يُظۡهِرُ عَلٰی غَيۡبِهٖۤ اَحَدًا اِلَّا مَنِ ارۡتَضٰی مِنۡ رَّسُوۡلٍ

(सूरह अलजिन्न-27,28)

"फ़लायुज़हिरो अला गैबिही अहदन इल्ला मनिर्तज़ा मिन रसूल"

अत: सच्ची भविष्यवाणी सच्चे रसूल के अतिरिक्त और किसी की ओर मन्सूब नहीं हो सकती है? क्या ऐसे अवसर पर यह कहना स्थिति के अनुरूप ईमानदारी नहीं कि सही हदीस को कमज़ोर कहने में किसी हदीस के विद्वान ने ग़लती की, या यह कहना उचित है कि झूठी हदीस को सच्चा करके ख़ुदा ने ग़लती की। यदि एक हदीस कमज़ोर भी हो बशर्ते कि वह क़ुर्आन, सुन्नत और ऐसी हदीसों के विपरीत नहीं जो क़ुर्आन के अनुकूल हैं तो उस हदीस पर अमल करो परन्तु बहुत सतर्कता पूर्वक हदीसों पर अमल करना चाहिए क्योंकि बहुत सारी हदीसें लोगों द्वारा बनाई हुई भी हैं जिन्होंने इस्लाम में उपद्रव डाला है। प्रत्येक सम्प्रदाय अपनी आस्थानुसार हदीस रखता है। यहां तक कि नमाज़ जैसे निस्सन्देह और निरंतर चलने वाले कर्तव्य को हदीसों के विवाद ने विभिन्न प्रकार की शक्लों में कर दिया है। कोई आमीन उंची आवाज़ में कहता है तो कोई खामोशी से, कोई इमाम के पीछे सूरह फ़ातिह: पढ़ता है तो कोई इसे नमाज़ को ख़राब करने वाला समझता है। कोई सीने पर हाथ बांधता है कोई नाभि पर। इस विवाद का वास्तविक कारण हदीसें ही हैं।

كُلُّ حِزۡبٍۢ بِمَا لَدَيۡهِمۡ فَرِحُوۡنَ

"कुल्लोहिज़्बिंबिमा लदैहिम फ़रिहून" (मौमिनून-54)

अन्यथा सुन्नत ने एक ही मार्ग बतलाया था। फिर विभिन्न लोगों के कथनों के प्रविष्ट होने से यह मार्ग लड़खड़ा गया। इसी प्रकार हदीसों को न समझने के कारण बहुत सारे लोग तबाह हो गए। शिया भी इसी से तबाह हुए। यदि क़ुर्आन को अपना निर्णायक मानते तो अकेली सूरह नूर ही उन्हें

शेष पृष्ठ 12 पर

## 124 वां
# जलसा सालाना क़ादियान

**दिनांक 28, 29, 30 दिसम्बर 2018 ई. को आयोजित होगा**

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 124 वें जलसा सालाना क़ादियान के लिए दिनांक 28, 29 और 30 दिसम्बर 2018 ई.(शुक्रवार, शनिवार व रविवार) की स्वीकृति दी है। जमाअत के लोग अभी से इस शुभ जलसा सालाना में उपस्थित होने की नीय्यत करके दुआओं के साथ तैयारी आरम्भ कर दें। अल्लाह तआला हम सब को इस ख़ुदाई जलसे से लाभ उठाने की क्षमता प्रदान करे। इस जलसा सालाना की सफलता व बा-बरकत होने के लिए इसी तरह यह जलसा लोगों के लिए मार्ग दर्शन हो इसके लिए विशेष दुआएँ जारी रखें। धन्यवाद

(नाज़िर इस्लाह व इरशाद मरकज़िया, क़ादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

# सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, मई 2016 ई (अन्तिम भाग-14)

**☆ जमाअत अहमदिया स्वीडन की राष्ट्रीय मज्लिस आमला के साथ मुलाकात,**

**हुज़ूर अनवर ने नमाज़ों में हाज़री के हवाले से फरमाया कि क्या दूरी अधिक है याद करवाते रहा करें। ख़ुत्बों में नमाज़ों के बारे में ध्यान दिलाता रहता हूं। आप का काम है कि ध्यान दिलाते रहा करें। जो दूर घर हैं वहां चार पांच घर मिल कर सेन्टर बना लें नमाज़ पढ़ लिया करें।**

**ख़ुदा तआला ने फरमाया है कि नसीहत करते जाओ। नसीहत करना तुम्हारा काम है। पुलीस फोर्स बनना हमारा काम नहीं है। उहेदेदार ध्यान दिलाते रहें। नसीहत करने का आदेश है। अतः नसीहत करते जाएं।**

## व्यक्तिगत और पारिवारिक मुलाकातें, गौथनबर्ग से और लंदन को रवानगी

**(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)**

**(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)**

**21 मई 2016 (शनिवार) (शेष.......)**

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया :

इस समय, मैं दो निकाहों की घोषणा करूंगा। निकाह और विवाह जहां लड़कों और लड़कियों के लिए और दो परिवारों के लिए ख़ुशी का अवसर है, वहां यह ज़िम्मेदारियां भी डालता है। इसलिए इन आयतों में जो निकाह के अवसर पर तिलावत की जाती हैं अल्लाह तआला ने बार-बार काम करने पर ध्यान केंद्रित किया है कि तक्वा से काम लो। अपने रिश्तेदारों का अदा करने के लिए तक्वा से काम लो। एक-दूसरे के रिश्तेदारों के अधिकार का अदा करने के लिए तक्वा से काम लो। आपस में विश्वास पैदा करने के लिए तक्वा से काम लो। जो बात भी पति तथा पत्नी करें उस में सच्चाई से काम लें। और सच्चाई की बारीकी तक जाएं क्योंकि यह एक माध्यम है। यदि सच्चाई होगी तो रिश्तों में विश्वास स्थापित हेगा। यदि रिश्तों में भरोसा स्थापित होता तो यह संबंध हमेशा स्थापित रहने वाले होते हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : अल्लाह तआला फरमाता है कि तक्वा से काम लो और यह देखो कि तुम ने कल के लिए क्या भेजा है। इस दुनिया में भी नज़र रखो कि तुम्हारे कर्म कैसे हैं। क्या अल्लाह तआला की रज़ा को प्राप्त करने वाले हैं और तुम्हारे भविष्य की जीवन में काम आने वाले हैं। और इस बात पर भी नज़र रखो कि जा औलाद पैदा होनी है जो अगली नस्ल बननी है उस में भी धर्म स्थापित है या नहीं? अगर अपने कर्म इस प्रकार होंगे जो धर्म के अनुसार होंगे धर्म की शिक्षा पर चलने वाले हों तब ही अगली नस्ल पर भी नेक प्रभाव होगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: तो हर आदेश जो इस आयत में दिया गया है जिसका खुलासा मैंने वर्णन कर दिया है इसमें अल्लाह तआला ने केवल ख़ुशी मनाने का आदेश नहीं दिया बल्कि इस ख़ुशी में अपनी ज़िम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने पर ध्यान दिलाया है। तो यदि ये बातें रहें तो अल्लाह तआला के फ़ज़्ल के साथ रिश्ते हमेशा चलने वाले होते हैं और अगली पीढ़ी भी नेक और सालेह होती है। और यही एक मोमिन का काम है कि अपने आप को धर्म के साथ ख़ुद को जोड़े और अपनी पीढ़ियों को धर्म से जोड़े बजाय इस के कि सांसारिक इच्छाओं की तरफ अधिक चलें, बजाए इस के कि लड़की की तरफ से मांग हो या बजाए इस कि के लड़का यह कहे कि लड़की की सुन्दरता या हुस्तन मेरे स्तर की नहीं है। क्योंकि कभी-कभी विवाह के बाद भी इस को व्यक्त किया जाता है। अत: ये चीज़ें देखने वाली नहीं हैं। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जिस बात पर ध्यान देने के लिए कहा है वह है लड़की का धर्म देखो। और धर्म देखने के लिए यह आवश्यक है कि लड़का भी नेक हो। तो दोनों पक्षों की जिम्मेदारियां हैं। यदि धर्म पर नज़र होगी तो अल्लाह तआला के आदेशों की भी ओर भी देखेंगे, और आदेशों पर नज़र होगी तो इस उद्देश्य को प्राप्त करने वाले होंगे जो हमारे जीवन का है। और अगली नस्लों को लिए भी अच्छी दुनिया छोड़कर जाने वाले होंगे। दुनिया केवल संपत्ति और सुविधा और रामा नहीं है। सफलता तब मिलती है जब इस दुनिया में भी दिल की शान्ति प्राप्त हो। और हर किसी को दिल की शान्ति की तलाश करनी चाहिए। अल्लाह तआला करे कि यह स्थापित होने वाले संबंध हर दृष्टि से बरकतों वाले हों, और मैं एक-दूसरे का ख्याल रखने वाले हों और एक-दूसरे के हक अदा करने वाले हों।

ख़ुत्बा निकाह के बाद हुज़ूर अनवर नीचे दो निकाहों का एलान फरमाया

1.प्रिया अनअम चीमा पुत्री आदरणीय ख़ालिद महमूद चीमा साहिब (स्टॉकहोम) का निकाह प्रिय ओसामा सलीम (वाक्फे नौ) इब्न आदरणीय मुहम्मद सलीम साहिब मरहूम (आफ गौथन बर्ग) के साथ संपन्न हुआ।

2। प्रिया साहा एहसानुल्ला बिनत सहर, एहसानुल्ला साहिब (माल्मो) का विवाह प्रिय शहर यार जावेद इब्न आदरणीय जावेद इकबाल (माल्मो) से हुआ था।

इस के बाद हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि रिश्ते के बरकतों वाला होने के लिए दुआ कर लें। उसके बाद, हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने दोनों पक्षों को हाथ मिलाने का सौभाग्य प्रदान किया।

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ अपने निवास स्थान पर पधारे

### व्यक्तिगत और पारिवारिक मुलाकातें

कार्यक्रम के अनुसार 6 बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ अपने कार्यालय आए और परिवारों से मुलाकातें शुरू हुईं। आज शाम इस सत्र में 15 परिवारों के 60 व्यक्तियों ने अपने प्यारे आक़ा से मिलने की सआदत पाई। जो परिवार मुलाकात कर रहे थे वे गोथेनबर्ग जमाअत से थे। सभी परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों के साथ तस्वीर बनाने का सौभाग्य प्राप्त किया। हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए छात्रों और छात्राओं को कलम प्रस्तुत किए। और छोटे बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट दीं।

मुलाकतों का यह कार्यक्रम सात बज कर पांच मिनट तक जारी रहा।

### जमाअत अहमदिया स्वीडन की राष्ट्रीय मज्लिस आमला के साथ मुलाकात

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ मुलाकात हॉल में पधारे और राष्ट्रीय मज्लिस आमला स्वीडन की हुज़ूर अनवर के साथ मुलाकात शुरू हुई। हुज़ूर अनवर ने दुआ करवाई।

हुज़ूर अनवर के सवाल पर जनरल सैक्रेटरी ने जवाब देते हुए कहा कि हमारे पास पांच जमाअतें हैं और सभी सक्रिय हैं, और वे अपनी महीने की रिपोर्टें भिजवाती हैं इस के बाद सैक्रेटरी तहरीक जदीद ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि 1002 तजनीद में से 862 चन्दा तहरीक जदीद में शामिल हैं। और 5 लाख 68 हज़ार 88 करोंज़ तहरीक जदीद में जमा हुआ है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : आप पैसे बढ़ाने के बारे में चिंता न करें, चन्दा देने वालों की संख्या बढ़ाएं जो अभी तक तहरीक जदीद में शामिल नहीं हैं, उन्हें जोड़ने का प्रयास करें। ख़ुद्दाम और अंसार से तहरीक जदीद के वादे लेने के लिए इन दोनों तंज़ीमों से मदद लें। लज्ना के लिए लज्ना से मदद लें। इसलिए इन संगठनों की भूमिका में वक्फ जदीद और तहरीक जदीद के विभाग रखे गए हैं।

* सैक्रेटरी तब्लीग़ ने हुज़ूर अनवर के पूछने पर बताया कि पिछले दस वर्षों में हमारी 21 बैअतें हुई हैं। हुज़ूर अनवर ने पूछा कि तब्लीग़ विभाग का बजट कितना है? फरमाया कि हर विभाग का बजट होना चाहिए। बजट विभाग की ज़रूरत पर आधारित हो। तब्लीग़ में कम से कम दस लाख बजट होना चाहिए। प्रत्येक विभाग का बजट शूरा में पेश हो और वहां वार्तालाप हो।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि तब्लीग़ विभाग के अधीन आपकी यात्रा है। संपर्क

शेष पृष्ठ 8 पर

# ख़ुत्ब: जुमअ:

**नमाज़ की वास्तविक स्थापना करने वाले वे लोग हैं जो जमाअत के साथ नमाज़ के आदी हों और अपना ध्यान विशुद्ध रूप से अल्लाह तआला की तरफ रखते हुए नमाज़ें पढ़ने वाले हों, दुआ, इस्तिग़फार और नमाज़ अदा करने वाले हों, ध्यान इधर-उधर हो तो अपना ध्यान अल्लाह तआला की तरफ ले आएं।**

**क्या हम वास्तव में उन लोगों में से हैं जिन्हें अल्लाह तआला ने मस्जिद बनाने वाला और इसका हक अदा करने वाला बताया है।?**

**इस मस्जिद के निर्माण और आबादी के साथ एक और बड़ी ज़िम्मेदारी भी यहां के निवासियों पर बढ़ गई है कि इस शहर में इस्लाम के प्रचार करने का माध्यम इस मस्जिद को बना दें**

**इस मस्जिद से, इस्लाम की सुंदर और शांतिपूर्ण शिक्षा का मूल रूप दुनिया के सामने उभर कर आएगा।**

## मस्जिद की रौनक नमाज़ियों के साथ है

**इंसान अगर ख़ुदा तआला का मानने वाला और इस पर पूर्ण विश्वास रखने वाला हो वह कभी नष्ट नहीं किया जाता ।**

**दुनिया में डूबना तरक्की नहीं बल्कि तबाही है।**

**पौने चार एकड़ क्षेत्रफल में इक्कीस हज़ार चार सौ वर्ग फुट पर आधारित आठ लाख डालर से अधिक लागत से निर्माण होने वाली मस्जिद बैयतुल आफियत फिलोडल्फ़िया का उद्घाटन।**

**कुरआन करीम और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेशों के हवाले से मस्जिद के स्थापित करने और उनकी पूर्ति का उद्देश्य के बारे में जमाअत के लोगों को नसीहतें।**

**ख़ुत्ब: जुमअ: सय्यदना अमीरुल मो 'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 28 सितम्बर 2018 ई. स्थान - मस्जिद बैयतुल आफियत, फिलोडल्फ़िया, यू.एस.ए**

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

إِنَّمَا يَعْمُرُ مَسٰجِدَ اللّٰهِ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَأَقَامَ الصَّلٰوةَ وَاٰتَى الزَّكٰوةَ وَلَمْ يَخْشَ إِلَّا اللّٰهَ فَعَسٰٓى أُولٰٓئِكَ أَنْ يَّكُوْنُوْا مِنَ الْمُهْتَدِيْنَ

(अत्तौब: 18) इस आयत का अनुवाद यह है कि अल्लाह तआला की मस्जिदों को तो वही आबाद करता है जो अल्लाह तआला पर ईमान लाए और आख़रत के दिन पर और नमाज़ और ज़कात दे और अल्लाह तआला के अलावा किसी से ख़ौफ न खाए अत: निकट है कि ये लोग हिदायत पाने वाले लोगों में शामिल किए जाऐं।

अल्हम्दो लिल्लाह अल्लाह तआला ने इस शहर में पहली मस्जिद बनाने की तौफीक़ प्रदान की और आज इसका उद्घाटन है। सांसारिक इमारतों या वे इमारतें जो सांसारिक हितों को पाने के लिए बनाई जाती हैं उनके उद्घाटन में तो दुनिया के रिवाज के अनुसार इन देशों में विशेष रूप से और दुनिया आमतौर पर सांसारिक ख़ुशियों की अभिव्यक्ति होती हैं और यह घोषणा होती है कि इससे हम यह सांसारिक जीवन का लाभ उठाएंगे और वे दुनियावी लाभ उठाएगे। लेकिन मस्जिद का उद्घाटन जब हम करते हैं, जब हम मस्जिद निर्माण करते हैं तो इस सोच के साथ करते हैं कि अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करनी है, और अल्लाह तआला के इस घर के निर्माण से हमें अपना लक्ष्य और उद्देश्य जो रखना है वह केवल और केवल एक बात यह होनी चाहिए कि हमें अल्लाह की रज़ा हासिल करनी चाहिए। और अल्लाह तआला की ख़ुशी प्राप्त करने के लिए उन बातों का करना ज़रूरी है जिन के करने का अल्लाह तआला ने आदेश दिया है और उन में सब से पहला और प्रथम उद्देश्य अल्लाह तआला की इबादत का हक अदा करना है। और इस प्रकार अदा करना है जिस तरह से अल्लाह तआला ने हमें बताया है। यह आयत जो मैंने तिलावत की है इसमें जैसा कि अनुवाद भी पढ़ा गया अल्लाह तआला ने हमें यह बताया है कि मस्जिद का निर्माण करने वालों का उद्देश्य क्या होना चाहिए या वे कौन लोग हैं जो मस्जिद निर्माण का हक़ अदा करते हैं। वे वे लोग हैं जो इस की आबादी के बारे में चिंतित रहते हैं, इसे अच्छी हालत में रखने के बारे में चिंतित रहते हैं, जो अल्लाह तआला और आख़रत के दिन पर ईमान लाने वाले हैं। कहने को तो सब कहते हैं कि हम अल्लाह तआला और आख़रत के दिन पर ईमान रखते हैं लेकिन अल्लाह तआला फरमाता है कि इसकी व्यावहारिक अभिव्यक्ति की भी आवश्यक ज़रूरी है और वह उस समय ही हो सकता है जब इकामुस्सलात का व्यावहारिक नमूना दिखाया जाए।

और इकामुस्सलात क्या है? इस की व्यावहारिक अभिव्यक्ति कैसे हो सकती है? इसकी व्यावहारिक अभिव्यक्ति एक तो नमाज़ जमाअत के साथ अदा करने में है, दूसरे नमाज़ में अल्लाह तआला के ध्यान को एकाग्रित तथा ध्यान बनाए रखने में है और यही हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेशों और तफसीर में पता चलता है। अत: वास्तविक नमाज़ स्थापना करने वाले वे लोग हैं जो जमाअत के साथ नमाज़ के आदी हों और अपना ध्यान शुद्ध रूप से अल्लाह तआला की तरफ रखते हुए नमाज़ें पढ़ते हों, दुआ, इस्तग़िफार और नमाज़ अदा करने वाले हों ध्यान इधर-उधर हो तो अपने ध्यान को अल्लाह तआला की तरफ लेकर आएं। हम में से प्रत्येक अपना मूल्यांकन कर सकता है कि हम किस सीमा तक "इकामुस्सलात" के इस स्तर को प्राप्त करने की कोशिश करने वाले हैं इस भौतिक दुनिया में अधिकांश नमाज़ जमाअत के साथ अदा करने की कोशिश ही नहीं करते। और यदि मस्जिद में आ भी जाऐं तो न नमाज़ों में न सुन्नतों में वह ध्यान रहता है जो नमाज़ का हक है। इस प्रकार की अवस्था अगर है तो हम ख़ुद ही अपनी हालत का अंदाज़ कर सकते हैं कि क्या हम वास्तव में उन लोगों में शामिल हैं जिन्हें अल्लाह तआला ने मस्जिदों को बनाने वाले और उस का हक अदा करने वाले कहा है

फिर फरमाया कि ज़कात देने वाले हैं। धर्म के लिए माली कुरबानी करने वाले हैं। और अल्लाह तआला की सृष्टि के सुधार के लिए उन के हक अदा करने वाले हैं। फिर अल्लाह तआला फरमाता है उन को सिवाय अल्लाह तआला के भय के और कोई भय नहीं होता। इस चिन्ता में रहते हैं कि हमारे किसी कर्म के कारण अल्लाह तआला नाराज़ न हो जाए। अल्लाह तआला के प्यार से हम वंचित न हो जाएं। अपने कर्म उन हिदायतों के अनुसार करने वाले होते हैं उन आदेशों को हमेशा अपने सामने रखने वाले होते हैं। जिन का अल्लाह तआला ने एक वास्तविक मुसलमान को आदेश दिया है और जो अल्लाह तआला ने कुरआन में

वर्णन किए हैं। अत: यह एक मामूली ज़िम्मेदारी नहीं है जो एक मोमिन, मुस्लिम की है। और इस मस्जिद के बनने के बाद, यहां आने वाले लोगों की जिम्मेदारियां या इस मस्जिद से अपने आप को संबधित करने वालों की ज़िम्मेदारियां पहले से बहुत बढ़ चुकी हैं। आप ने अपनी इबादतों के भी हक़ अदा करने हैं तभी अल्लाह तआला के निकट हिदायत पाने वाले लोगों में शामिल होंगे तभी उन लोगों में शामिल किए जाएंगे जिन पर अल्लाह के प्यार की नज़र की है। इस आयत से पहले की आयत में अल्लाह तआला ने यह वर्णन किया है कि मुश्रिकों को कोई हक नहीं पहुंचता कि वे मस्जिदों को बनाएं। या उन को आबाद करें उन के दिल तो अल्लाह के अतिरिक्त से भरे हुए हैं। और जिस का दिल अल्लाह के अतिरिक्त से भरा हुआ है वह अल्लाह का हक अदा ही नहीं कर सकता न अल्लाह तआला की सृष्टि का हक अदा कर सकता है।

और शिर्क भी कई प्रकार का है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक अवसर पर फरमाया कि

" शिर्क कई प्रकार का है एक तो मोटा शिर्क है जिस से किसी इन्सान या पत्थ. या बेजान या काल्पनिक देवियों या देवताओं को ख़ुदा बना लिया जाता है। फरमाते हैं यद्यपि यह शिर्क भी इस समय दुनिया में मौजूद है परन्तु फरमाया कि यह ज़माना रोशनी और शिक्षा का इस प्रकार का ज़माना है कि अक्लें इस प्रकार के शिर्क को नफरत की निगाह से देखने लग गई हैं। यद्यपि यह शिर्क है परन्तु शिक्षा ने इन्सान को इस योग्य बना दिया है कि अक्ल इस बात को स्वीकार नहीं करती कि यह पत्थर की मूर्तियां और बुत जो हैं यह हमारा कुछ नहीं कर सकते हैं परन्तु फरमाया कि एक अन्य प्रकार का शिर्क है जो छुपे हुए रूप से ज़हर की तरह प्रभाव कर रहा है और वह इस ज़माना में बहुत अधिक बढ़ता जा रहा है। और वह यह कि अल्लाह तआला पर भरोसा तथा विश्वास बिल्कुल नहीं रहा।

(मल्फूज़ात जिल्द 3 पृष्ठ 79 -80 संस्करण यू.के 1985 ई)

और इस बात की आप ने यह व्याख्या फरमाई कि साधनों और दूसरी चीज़ों पर अल्लाह तआला से अधिक भरोसा है। अपनी नौकरियां, अपने व्यापार, अपनी सांसारिक कामों पर अधिक ध्यान केंद्रित है, और यही कारण है कि नमाज़ों की तरफ ध्यान नहीं हैं, मस्जिदों को आबाद करने की तरफ ध्यान नहीं है।

अत: हमें यह दुआ करनी चाहिए अल्लाह तआला से विनम्र होकर यह मांगना चाहिए कि हे ख़ुदा हमें कामिल मोमिन बना दे। क्योंकि मोमिन बनना भी अल्लाह तआला के फज़्लों पर आधारित है। इस लिए इस के मांगने से ही यह स्थान प्राप्त हो सकता है।

हम केवल इस बात पर ख़ुश न हो जाऐं कि हम ने एक बहुत सुन्दर मस्जिद फिलोडल्फ़िया में बना दी है, इस शहर में बना दी है, बल्कि हम इसका हक़ अदा करते हुए जब अल्लाह तआला के सम्मुख हाज़िर हों तो हम यह सुनने वाले हों कि ये वे लगो हैं जिन्होंने अल्लाह तआला के लिए मस्जिद बनाई, और फिर इस का हक अदा करने की कोशिश की। अत: इन्हें निर्देशित लोगों में और उन लोगों में गिना जाता है जिन से अल्लाह तआला प्रसन्न होता है, जिन से अल्लाह तआला राज़ी होता है। इसलिए हमें इस विचार को अपने भीतर पैदा करने की कोशिश करनी चाहिए। जब यह सोच होगी और इसके लिए कोशिश होगी तो मस्जिद के अफज़ाल और बरकतें हम दुनिया में भी महसूस करेंगे, हमारी औलादें और नस्लें भी धर्म से जुड़ी हुई होंगी और हम अल्लाह तआला के संदेश को भी इस क्षेत्र और इस शहर में फैलाने वाले होंगे। दुनिया में तौहीद को स्थापित करने वाले होंगे और हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झंडे को दुनिया में लहराने वाले होंगे।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मस्जिदों के निर्माण का एक उद्देश्य यह भी उल्लेख किया है कि जिस क्षेत्र में इस्लाम की वास्तविक शिक्षा और वास्तविक संदेश को पहुंचाना चाहते हो वहां मस्जिद बना दो। आपने फरमाया,"इस समय हमारी जमाअत को मस्जिदों की बहुत ज़रूरत है। यह ख़ुदा का घर है। यदि गांव या शहर में हमारी जमाअत की मस्जिद स्थापित की गई है, तो समझो कि जमाअत की तरक्की की बुनियाद पड़ गई। यदि कोई इस प्रकार का गांव या शहर है जहां मुसलमानों की संख्या कम है और इस्लाम को विकसित करने की आवश्यकता है, तो एक मस्जिद बनानी चाहिए, तो अल्लाह तआला स्वयं मुसलमानों को खींच लाएगा। लेकिन शर्त यह है ... " केवल मस्जिद बनने से नहीं होता, फरमाया " ... शर्त यह है कि मस्जिद की स्थापना में नीयत ख़ालिस हो। " ईमानदारी से बनाई जाए मस्जिद दिखावे के लिए न हो। फरमाया कि "केवल अल्लाह के लिए इसे किया जाए।" यानी मस्जिद का निर्माण केवल अल्लाह तआला के लिए किया जाए। "नफ्सानी स्वार्थों या कोई बुराई हरगिज़ दखल न हो तब बरकत होगी।"

(मल्फूज़ात जिल्द 7 पेज 119 संस्करण 1985 मुद्रित यु.के)

तो यह बात हमें हमेशा अपने सामने रखनी चाहिए कि मस्जिद हम बनाते हैं, मस्जिद की ख़ातिर हम वित्तीय बलिदान भी अगर करते हैं इसमें कोई दिखावा न हो बल्कि यह इरादा हो कि मस्जिद बनेगी तो हम भी इबादत का अधिकार अदा करने वाले होंगे हमारी भविष्य की पीढ़ी सुरक्षित होंगी और धर्म के साथ रहेंगी। इसलिए इस मस्जिद का निर्माण और आबादी के साथ एक अन्य बड़ी ज़िम्मेदारी यहां कि रहने वाले लोगों पर बढ़ गई है इस शहर में इस्लाम की तब्लीग़ का माध्यम इस मस्जिद को बना दें।

ऐसा कहा जाता है कि इस शहर में सैंकड़ों मस्जिदें या मुसलमानों के केंद्र हैं, लेकिन यह नियमित मस्जिद के रूप में निर्मित पहली मस्जिद है। अत: जब मस्जिद के रूप में यह इमारत शहर में निर्माण हुई है तो केवल यह बताने के लिए नहीं है कि मुसलमानों की मस्जिद का वास्तविक आकार कैसे होता है बल्कि यह बताने के लिए है कि इस मस्जिद से इस्लाम की सुंदर और शांतिपूर्ण शिक्षा के उद्भव का मूल रूप दुनिया में आ जाएगा। हम लोग हैं जिन्होंने नमाज़ और इबादत के साथ दुनिया में इस्लाम का सच्चा संदेश फैलाया है, और अब पहले से अधिक व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यमों से फैलाएंगे। इस क्षेत्र में इस्लाम की शिक्षा के व्यावहारिक मामले प्रकट करके हम ने अहमदी मुसलमानों की आबादी को भी बढ़ाना है लेकिन मुझे बताया गया है कि हमारी अहमदी आबादी भी एक दो घरों के अलावा यहाँ से आमतौर पर दूरी पर ही है। अमीर साहिब से बात हो रही थी उन्होंने ने बताया कि इस मस्जिद में एक बड़ा क्षेत्र है और इसमें एक बड़ा प्लाट है जिस में निर्माण की आज्ञा भी मिल सकती है। यदि यहां बनाए गए फ्लैट या मेहमान ख़ानों को बनाने की अनुमति दी गई है, तो मस्जिद के पास आबादी हो सकती है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा विचार है जिसे लागू किया जाना चाहिए। अगर यह प्रस्ताव लागू होता है तो ज़रूर कोशिश होनी चाहिए कि यहाँ अहमदी घर आकर बसें और जब अहमदी आबादी होगी और इस इरादे से आएगी कि मस्जिद को भी आबाद करना है और इस्लाम की सुंदर शिक्षा के संदेश को भी पहुंचाना है तो अल्लाह तआला फिर, इस इरादे में नीयत में भी बरकत डाल देता है और यह इन्शा अल्लाह अहमदी आबादी में वृद्धि का कारण भी होगी।

हमारा इतिहास हमें यह बताता है कि 1920 ई में जब हज़रत मुफ्ती मुहम्मद सादिक साहब अमेरिका में मुबल्लिग़ के रूप में आए थे तो यहाँ फिलोडल्फ़िया बंदरगाह पर उतरे थे लेकिन आप को देश में प्रवेश नहीं होने दिया गया, उस समय उसकी अनुमति नहीं मिली और उन्हें कैद किया गया था। वहां अन्य कैदी भी थे। आप के प्रचार से दो महीने में पंद्रह कैदियों ने इस्लाम स्वीकार कर लिया। (उद्धरित तारीख़े अहमदियत जिल्द 4 पृष्ठ 250) तब्लीग़ के साथ उनका व्यावहारिक नमूना भी था, उनका तक्वा भी था, उनकी दुआएं भी थीं। अत: तब्लीग़ करना भी एक ज़रूरी चीज़ है। और फिर कहा जाता है कि आपके प्रवास के दौरान, पांच छ: हज़ार अहमदी थे। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहो अन्हो ने उस समय यह कहा था कि अगर यही बैअतों की संख्या है तो कुछ दशकों में लाखों तक यह आंकड़ा पहुंच सकता है। (उद्धरित तारीख़ अहमदियत जिल्द 19 पृष्ठ 477) बहरहाल वह लक्ष्य तो हासिल न हो सका जो भी रोकें थीं या परिस्थितियां थीं या हमारी कमज़ोरियां थीं लेकिन अब मौका है कि हम एक प्रतिबद्धता के साथ यह कोशिश करें, बल्कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़माना में भी यहां संदेश पहुंच गया था जिसका ज़िक्र हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फरमाया: इसलिए आप फ़रमाते हैं कि " ... ऐसा ही और कई अंग्रेज़ इन देशों में इस सिलसिला की स्तुति करते हैं और अपनी अनुकूलन इससे प्रकट करते हैं। ... " बड़ी सराहना करते हैं और यह जताते हैं कि हम वास्तव में इस शिक्षा के कायल हैं तो कहते हैं।" ... अत: डॉक्टर बेकर जिनका नाम है ए जॉर्ज बेकर नंबर 404 सीस कोई हैना एवेन्यू (Susquehanna Avenue) फिलोडल्फ़िया अमेरिका। पत्रिका रिव्यू आफ रिलेजनज़ में मेरा नाम और चर्चा पढ़ कर अपनी चिट्ठी में ये शब्द लिखते हैं। ... " जिसने लेख लिखा था उन्हें बेकर साहिब यह लिखते हैं कि " मैं आप के इमाम के विचारों के साथ बिल्कुल सहमत है। उन्होंने इस्लाम को ठीक उस रूप से दुनिया में प्रस्तुत

किया है जिस शक्ल में हज़रत नबीं मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इसे प्रस्तुत किया था।"

(बराहीन अहमदिया भाग 5 रूहानी खज़ायन जिल्द 21 पेज 106)

फिर हज़रत मुफ्ती मुहम्मद सादिक साहब भी अपनी एक रिपोर्ट में लिखते हैं कि विनीत लिखने वाले को इन थोड़े से दिनों में जो अमेरिका देश में प्रवेश किए गुज़रे हैं बावजूद बड़ी कठिनाइयों और बाधाओं के जो द्वेषपूर्ण ईसाइयों की गईं सफलता प्राप्त हुई है। अल्हम्दो लिल्लाह अला ज़ालिक। फिर लिखते हैं कि इस समय 29 नए जेंटलमैन और लीडियाँ विनीत के प्रचार से इस्लाम में शामिल हो चुके हैं जिनके नाम नए इस्लामी नामों के साथ पेश किए जाते हैं। फिर वह विवरण प्रस्तुत किया फिर आप ने लिखा कि नंबर 1 और 2 डॉक्टर जॉर्ज बेकर और श्री अहमद एंडरसन यह हर दो साहिब एक समय में विनीत के साथ पत्राचार करते थे और एक ज़माना से मुसलमान हो चुके हैं। निष्ठावान मुसलमान हैं, मैं आवश्यक समझता हूँ उनका नाम इस सूची में सबसे पहले रखा जाए।

(उद्धरित अल्फ़ज़ल 22 जुलाई 1920 जिल्द 8 नंबर 4 पेज 1)

फिर जैसा कि मैंने कहा कुछ अन्य लोगों का उल्लेख है। अब यह सुना गया है कि फिलाडल्फिया में डॉ बेकर की क़ब्र भी यहां पाई गई है। 1918 में उनकी मृत्यु हो गई। उन को यहां दफन किया गया। तो उस ज़माने में आज से लगभग सौ साल पहले यहाँ अहमदियत आई हुई है लेकिन बहरहाल अब जबकि जैसा कि मैंने कहा अल्लाह तआला ने इस शहर में हमें एक सुंदर मस्जिद बनाने की तौफीक़ दी है तो उसके द्वारा अब एक नई प्रतिबद्धता के साथ यहाँ जमाअत और मुबल्लिग़ को भी तब्लीग़ के ऐसे कार्यक्रम बनाने चाहिए जिस से इस्लाम की सुंदर शिक्षा और यह संदेश हर तरफ फैल जाए और यह क्षेत्र शांति और सौंदर्य के आधार पर ऐसा क्षेत्र बन जाए कि लोग कोशिश करके इस क्षेत्र में आकर रहने की इच्छा करें। आबादी के अनुसार यह शहर संयुक्त राज्य अमेरिका का छठा सबसे बड़ा शहर है। अगर इस शहर में और उसके आसपास क्षेत्र में इस्लाम का सही संदेश पहुंचाया जाए तो इंशा अल्लाह तआला इन्हीं लोगों से वे पैदा होंगे जो सही आबिद और मस्जिदों को आबाद करने वाले होंगे और अल्लाह तआला का तक्वा रखने वाले और निर्देशित लोग होंगे।

अत: हर मस्जिद जो हम बनाते हैं हमारे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती लेकर आती है कि अपनी अवस्थाओं को भी दुरुस्त करना है, अल्लाह तआला से संबंध में भी और व्यावहारिक नमूना में भी अपनी स्थितियों को बेहतर करना हैं और तब्लीग़ के मैदान भी खोलने हैं, केवल इतनी बात पर ख़ुश होकर नहीं बैठ जाना कि हम ने मस्जिद बना ली। हम ने इस ज़माना में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम को स्वीकार किया है जिस ने इस्लाम का नव जागरण करना था। नई ज़िन्दगी की शुरूआत करनी थी। आप ने उन सारी ग़लत फहमियों को दुनिया के दिमाग़ों से निकालना था जो इस्लाम के बारे में पैदा हो चुकी थीं। चाह वे ग़ैर मुस्लिमों के द्वारा पैदा हुई थीं या तथा कथित उल्मा की तफ्सीरों से पैदा हुई हैं। और अब यह काम हमारा हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मानने वालों का है कि इस दृष्टि से अपनी सारी शक्तियों को काम में लाएं अपनी अवस्थाओं तथा हालतों को उस स्तर तक ले जाएं जो अल्लाह तआला कि निकट स्वीकार करने के योग्य हैं जिन के बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बार बार ध्यान दिलाया है।

इस मस्जिद के निर्माण में जो खर्च हुआ है जो मुझे बिताया गया है अब तक 8.1 मिलियन डॉलर खर्च कर चुका है। 1/3 भाग जमाअत ने दिया है, कुछ राष्ट्रीय मुख्यालय ने दिया है, बाकी विवरण में आगे भी बता दूँगा, लेकिन 8.1 करोड़ डालर के खर्च का लाभ तो तब है जब इस लक्ष्य को पूरा करें और दूर रहने के बावजूद यदि जनसंख्या की आबादी अभी यहां नहीं है, तो इस शहर में रहने वाले मस्जिद की आबादी की पांच समय करने की कोशिश करें।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने एक अवसर पर फरमाया कि:

"मस्जिदों की असल सुन्दरता इमारतों के साथ नहीं है, बल्कि उन लोगों के साथ जो ईमानदारी से नमाज़ पढ़ते हैं। अन्यथा यह सब मस्जिदें वीरान पड़ी हुई हैं ...।" उस समय सुनसान पड़ी हुई थीं और आजकल भी जो आबाद हैं वहाँ ग़लत प्रकार के तथाकथित विद्वानों के ग़लत नारों ने उन्हें शांति के बजाय फसाद की जगह बना दिया गया है। फिर आप फरमाते हैं कि ... रसूल करीम की मस्जिद छोटी थी। उसकी छत खजूर की छड़ों से बनाई गई थी और बारिश के समय छत से पानी टपकता था ... "लेकिन क्या कुछ काम हुए वहां। फरमाते हैं कि मस्जिद की रौनक नमाज़ियों से है।" फिर फरमाया "मस्जिदों के लिए, आदेश है कि तक्वा के साथ बनाई जाएं।"

(मल्फूज़ात जिल्द 8 पेज 170 संस्करण 1985 मुद्रित यु. के)

अत: अगर ईमानदारी के साथ नमाज़ें पढ़ें और तक्वा पर चलते हुए आकर इस मस्जिद को आबाद रखेंगे तो इबादतें भी स्वीकार होंगी और ग़ैर मुसलमानों में इस्लाम का प्रचार सही रंग में हो सकेगा। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर फरमाया कि जो हमारी मस्जिद में नीयत से प्रवेश होगा कि भलाई की बात सीखे वह अल्लाह तआला की राह में जिहाद करने वाले की तरह होगा।

(अहमद बिन हंबल जिल्द 3, पृष्ठ 322 मसनद अबी हुरैरह हदीस 8587 आलेमुल कुतुब अल-बैरूत 1998 ई)

तो यह है असली मुस्लिम का उद्देश्य है। आजकल इस्लाम को बदनाम किया जाता है कि इस्लाम जिहाद शिक्षा देता है और कुछ मुसलमानों का कर्म भी बदनामी में शामिल हैं लेकिन वास्तविक मोमिन का काम यह है कि नेकियाँ सीखे, नेकियों का पालन करे, नेकियाँ फैलाए तो मानो वह जिहाद कर रहा है और यह जिहाद करना आज हम अहमदियों का काम है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम हमें बार बार नेकियों पर चलने और तक्वा पर कदम मारने की तरफ ध्यान दिलाते हैं अत: एक अवसर पर आप ने फरमाया:

" इस वसीयत को ध्यान से सुनें" " इस वसीयत को ध्यान से कि वे जो इस सिलसिले में दाख़िल होकर मेरे साथ इरादत और मुरीदी का संबंध रखते हैं इससे उद्देश्य यह है कि ताकि वे नेक चलनी और नेक आदतों और तक्वा के उच्च स्तर तक पहुँच जाएं और कोई दंगा और दुष्टता और लुच्चापन उन के पास नहीं आ सकता था। वे नमाज़ओं के पाबन्द हों। वे झूठ नहीं बोलें। वे किसी को भी जीभ से चोट न पहुंचाएं ... ।" कोई असुविधा न पहुँचाएँ। "... वह किसी प्रकार के अधर्म के दोषी न हों और किसी शरारत और अत्याचार और दंगा और प्रलोभन का विचार भी मन में न लाएं। " फरमाया " अत: प्रत्येक प्रकार के पाप और अपराध और अकरणीय और अकथनीय ... ' यानी हर प्रकार के न करने वाले और न कहने वाली कई दोष जो हैं, किसी प्रकार की बुराई व्यक्त न हो उनसे। "... और सभी स्वाभाविक भावनाओं और व्यर्थ की बातों से बचें और ख़ुदा तआला के पाक दिल दिल और ग़रीब बंदे हों। और कोई विषाक्त ख़मीर उनके अस्तित्व में न रहे। ... और सभी इंसानों की सहानुभूति उन का नियम हो और सर्वशक्तिमान ईश्वर से डरें और अपनी ज़बानों और अपने हाथों और अपने दिल को प्रत्येक अशुद्ध और शरारत के तरीकों और खयानतों से बचाऐं। और पांचों समय की

दुआ का
अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद
शरीफ़
जमाअत अहमदिया
मरकरा (कर्नाटक)




इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

नमाज़ों को बहुत अच्छी तरह से अदा करें। और अत्याचार और हनन और ग़बन और रिश्वत और मालों का खा लेना और व्यर्थ की तरफदारी से बचें। ... और किसी बुरी सुहबत में न बैठें।"

(मजमूआ इश्तेहार जिल्द 3 पृष्ठ 46-47 संस्करण 1985 मुद्रित यू. के)

विशेष रूप से युवाओं को इस ओर ध्यान देना चाहिए और बुरी सुहबत में आजकल बहुत सारे विभिन्न प्रकार के आधुनिक साधन हैं सोशल मीडिया और अन्य स्थानों पर ग़लत प्रकार की बात हो रही हैं, ये सभी बुरी सुहबत हैं उनसे बचने की कोशिश करनी चाहिए।

अब यहां पाकिस्तान से कई लोग हैं जो शरण के लिए आए हैं या शरणार्थी बन गए हैं। उन्हें बहुत ध्यान देने की जरूरत है। हर अहमदी के सामने इस दुनिया की कोई ख़ुशियां और शुभकामनाएं नहीं होनी चाहिए, बल्कि अगली दुनिया की चिंता होनी चाहिए, वहां रहने के पुरस्कार और लाभ हैं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने एक स्थान पर फरमाया: "अल्लाह तआला भी मनुष्यों की दैनिक पत्रिका बनाता है।" ... दैनिक कर्मों को लिखा जाता है, फरमाता है .."अत: इन्सान को भी चाहिए कि अपने हालात की एक पत्रिका तैयार की जानी चाहिए ... "स्वयं इन्सान को यह देखने की कोशिश करनी चाहिए कि आज सारा दिन मैंने क्या काम किया है और आज क्या बुराई की है। किन बातों पर नेकियों पर मैंने अनुकरण किया है और दिन पर नहीं किया। फरमाया " और इस पर ग़ौर करना चाहिए" केवल तैय्यार ही नहीं करना बल्कि इस पर ध्यान देने चाहिए तब ही इन्सान नेकियों की तरफ जा सकता है। अल्लाह तआला के निकट हिदायत प्राप्त करने वालों में से हो सकता है।" फरमाया कि" नेकी में कहां तक आगे कदम रखा है।" यह देखो " इन्सान का आज और कल बराबर नहीं होने चाहिए। जिस का आज और कल इस इस दृष्टि से की नेकी में क्या तरक्की की है बराबर हो गया वह घाटे में है।" फरमाते हैं अगर बराबर किया हो लाभ नहीं यह तो हानि है।..." इन्सान अगर ख़ुदा को मानने वाला और उसी पर पूर्ण ईमान रखने वाला हो तो कभी नष्ट नहीं किया जाता।"

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 10 पेज 137.138 1985 प्रकाशन यू के)

तो यह बहुत सोचने का स्थान है। जब अल्लाह तआला हम पर बरकतें नाज़िल कर रहा है, तो हमें उसके प्रति आभारी होना चाहिए। तो जो लोग अपने सांसारिक व्यवसायों के कारण ख़ुदा तआला और उस की इबादत के हक को भूल गए हैं या उस पर ध्यान नहीं जैसा कि होना चाहिए वे अपनी समीक्षा कर लें कि हमारे बैअत का वादा क्या है और हमारे कर्म कार्य हैं। और जो यहां नए आए हैं उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि दुनिया में डूब जाना तरक्की नहीं है बल्कि तबाही है। और उन्होंने हमेशा इस बात को सामने रखा है धर्म को संसार पर प्राथमिकता देने वाले होंगे। मस्जिदों के हक अदा करने वाले हों अल्लाह की इबादत का हक अदा करने वाले हों।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का एक और उद्धरण प्रस्तुत करता हूँ आप फ़रमाते हैं कि:

"याद रखो हमारी जमाअत इस बात के लिए नहीं है जैसे आम दुनिया दार जीवन व्यतीत करते हैं, निरा जीभ से कह दिया कि हम इस सिलसिले में प्रवेश करते हैं और अनुकरण की कोई ज़रूरत न समझी, जैसे बदकिस्मत मुसलमानों की अवस्था है कि पूछ कि तुम मुसलमान हो? तो कहते हैं शुक्र अल्हम्दो लिल्लाह। मगर नमाज़ नहीं पढ़ते और अल्लाह के शिआरों का सम्मान नहीं करते। अत: मैं तुम से यह नहीं चाहता कि केवल जीभ से तुम स्वीकार करो। और अनुकरण से कुछ न दिखाओ। यह निकम्मी अवस्था है। ख़ुदा तआला इस को पसन्द नहीं करता। और दुनिया की इस अवस्था ने ही मांग कि के अल्लाह तआला ने मुझे सुधार के लिए खड़ा किया है। अत: कोई अगर तुम्हारे साथ सम्बन्ध रख कर अपनी हालत का सुधार नहीं करता और व्यवहारिक कुव्वतों को तरक्की नहीं देता बल्कि केवल ज़ुबानी इकरार को हा काफी समझता है तो मानो अपने अनुकरण से मेरे न होने पर ज़ोर देता है।"

"और व्यावहारिक ताक़तों की तरक्की यही है जैसे कि बयान हो चुका है कि अल्लाह तआला का अधिकार देना इबादतों का भी अधिकार देना और इस की सृष्टि का अधिकार देना, अल्लाह तआला का संदेश दुनिया में पहुंचाना। ... फरमाते हैं, यदि तुम अपने कर्मों से साबित करना चाहते हो कि मेरा आना व्यर्थ है, तो फिर मेरे साथ सम्बन्ध का क्या लाभ है?" यदि मेरा साथ रिश्ता रखते हो तो मेरे लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करो। और वह यही है कि अल्लाह तआला के सम्मुख अपनी ईमानदारी और सच्चाई दिखाओ और क़ुरआन शरीफ की शिक्षा पर इसी तरह अमल करो जिस तरह नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कर दिखाया और सहाबा ने किया। क़ुरआन के मूल उद्देश्य को समझें। और इसका पालन करें। ख़ुदा तआला के समक्ष केवल इतनी ही बात काफी नहीं कि ज़बान से स्वीकार कर लिया और कर्म करने में कोई तेज़ी न दिखाई। याद रखो कि वह जमाअत जो ख़ुदा तआला स्थापित करनी चाहता है वह कर्मों के बिना ज़िन्दा नहीं रह सकती। ... " जमाअत बिना कर्म के नहीं रह सकती। " ... यह वह भव्य जमाअत है जिसकी तैयारी हज़रत आदम के समय से शुरू हुई । कोई नबी दुनिया में नहीं आया जिस ने इस दावत की सूचना नहीं दी। तो इस का सम्मान करो और इसका सम्मान यही है कि अपने कर्म से सबित कर के दिखाओ कि सच्चों की गिरोह तुम ही हो। "

(मल्फ़ूज़ात 3, पृष्ठ 370-371, संस्करण 1985, इंग्लैंड)

तो यह कोई आसान काम नहीं है, बहुत ध्यान के साथ इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है। हमेशा याद रखना चाहिए कि दुनिया या दुनिया की दौलत हमें और हमारे पीढ़ियों के अस्तित्व की गारंटी नहीं है बल्कि दोनों जहान में अल्लाह तआला के फज़्लों और रहम को प्राप्त करने के लिए अल्लाह तआला से संबंध बनाना अस्तित्व की गारंटी है, उसकी आज्ञाओं पर चलना जीवित रहने की गारंटी है। अल्लाह तआला सभी को उसके अनुसार रहने की क्षमता देता है।

जैसा कि मैं आमतौर पर मस्जिदों के उद्घाटन पर मस्जिद के कुछ विवरणों की व्याख्या करता हूं, वह इस समय भी उपस्थित होंगे। कुछ आंकड़े हैं, इस मस्जिद की इमारत के लिए भूमि 2007 ई में ख़रीदी गई थी, फिर लगभग छह साल बाद, 2013 ई में काम शुरू हुआ। फिर कुछ बाधाएं मध्य में आती रहीं, जो भी थीं वैध या अवैध, जिसके कारण अब यह मस्जिद इस वर्ष पूरा किया जाता है। और जैसा कि मैंने बताया कि $ 8.1 मिलियन खर्च किए गए थे, फिलाडेल्फिया के स्थानीय समुदाय ने 2 मिलियन चार लाख 35 हज़ार से अधिक डालर दिए है। इसके इलावा 1 मिलियन 2 हज़ार 43 हज़ार से अधिक अमेरिकी का अन्य जमाअतों ने अदा किया और 4 लाख 78 हज़ार से ऊपर राष्ट्रीय मुख्यालय ने अदा किया लगभग आधे से अधिक हिस्सा है। शुरुआत में केवल दो एकड़ जमीन ली गई थी और फिर बाद में एकड़ खरीदी गई थी। फिर 2015 ई में, एक गैर-मुस्लिम, विशेष रूप से, ईसाई ने एकड़ जमीन की जमाअत को हिबा की, जो भी इन का सांसारिक उद्देश्य था, लेकिन उन्होंने जमाअत को दान दी। अब इसका कुल क्षेत्र चार एकड़ है। जैसा कि मैंने पहले कहा था, एक आवास की योजना या फ्लैट आदि बनाया जा सकता है। इस इमारत का निर्माण क्षेत्र 214000 वर्ग फुट है। एक तीन मंजिला इमारत है, बेसमेंट में एक वाणिज्यिक रसोईघर है, एक अपार्टमेंट मध्य मंजिल में है इसे बीच में से दो बनाया गया है। कार्यालयों और पुस्तकालयों को शीर्ष मंजिल में बनाया गया है। एक मस्जिद वाला हिस्सा है और दूसरा भाग भी दो मंज़िल वाला है। पुरुषों और महिलाओं का एक बड़ा हॉल है जो कि पांच हजार वर्ग फुट शामिल हैं। इसमें भी विभाजन कर के दो हिस्सों में भी बांटा गया है। 350 के लगभग पुरुष और 350 के लगभग महिलाओं के लिए नमाज़ पढ़ने का स्थान है। इमारत के इस खंड में पुरुषों और महिलाओं के अलग-अलग वाश रूम बनाए गए हैं, अन्य आवश्यकताएं हैं। छ: हज़ार वर्ग फुट का एक बहुउद्देश्यीय हॉल है, जिसमें सात सौ लोग बैठकर खेलें हो सकती हैं, अस्थायी कार्यालय भी हैं। 46 वाहनों के लिए पक्की पार्किंग भी बनाई गई है। कुल 86 गाड़िया और अतिरिक्त भी आ सकती हैं।

अल्लाह तआला करे कि जैसा कि अल्लाह तआला ने मस्जिद निर्माण के उद्देश्य उल्लेख किया है जो अभी वर्णन किए गए हैं हर अहमदी इस उद्देश्य को पूरा करने वाला हो और यह मस्जिद क्षेत्र में इस्लाम के वास्तविक संदेश पहुंचाने में मील का पत्थर के रूप में हो।

☆ ☆
☆

## ख़ुत्ब: जुमअ:

*** ... बद-ज़नी (कुधारणा) यदि यह दूर हो जाती है तो हमारे परिवेश के आधे फसाद और झगड़े और परेशानियां दूर हो जाएंगी। एकता पैदा हो जाएगी। एकता पैदा होगी। * ... इबादतों और दुआओं को स्वीकार करवाना है तो इसके लिए बुनियादी चीज़ यही है कि इन्सान बुराइयों से रुके और अच्छे कर्मों को अपनाए । यह तक्वा है। * ... विश्वास से केवल काम नहीं करेगा। वास्तविक चीज़ कर्म हैजिस की हमें कोशिश करनी चाहिए। इसलिए इस्लाम लाना पर्याप्त नहीं है, अहमदी होना पर्याप्त नहीं है, अल्लाह तआला के आदेशों का पालन करना ज़रूरी है। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जो मेरे सहाबा हैं, ये सितारों की तरह हैं, जिस के पीछे भी चलोगे वे तुम्हें सीधे रास्ते पर ले जाएगा।**

**याद रखो जिस का उसूल दुनिया है, फिर यह वह इस जमाअत में शामिल है जो इस जमाअत में वे अल्लाह तआला के पास नहीं है। अल्लाह तआला के निकट वही इस जमाअत में शामिल होगा जो दुनिया में दिल लगाने वाला न हो।**

### अल्लाह तआला कभी उस व्यक्ति को बर्बाद नहीं करता है जो केवल उस का हो जाता है, बल्कि वह ख़ुद उस की सारी ज़रूरतों का ध्यान रखने वाला है।

और अगर वह कुछ बातें झूठे तौर से हमारी ओर सम्बद्ध कर देता तो ज़रूर हम उसे दाहने हाथ से पकड़ लेते। फिर हम नि:संदेह उसकी जान की शिरा काट देते।

सय्यदना हज़रत अकदस मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद साहिब क़ादियानी मसीह मौऊद व महदी मअहूद अलैहिस्सलाम संस्थापक अहमदिया मुस्लिम जमाअत ने इस्लाम की सच्चाई और आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ रूहानी सम्बंध पर कई बार ख़ुदा तआला की क़सम खा कर बताया कि मैं ख़ुदा की तरफ से हूं। ऐसे अधिकतर उपदेशों को एक स्थान पर जमा कर के एक पुस्तक

### ख़ुदा की क़सम

के नाम से प्रकाशित की गई है। किताब प्राप्त करने के इच्छुक दोस्त पोस्ट कार्ड/मेल भेजकर मुफ्त किताब प्राप्त करें।

E-Mail : **ansarullahbharat@gmail.com**
Ph : 01872-220186, Fax : 01872-224186
Postal-Address:Aiwan-e-Ansar,Mohalla Ahmadiyya,Qadian-143516,Punjab
For On-line Visit :www.alislam.org/urdu/library/57.html


**पृष्ठ 1 का शेष**

प्रकाश प्रदान कर सकती थी, परन्तु हदीसों ने उनको तबाह किया। इसी प्रकार हज़रत मसीह के समय वे यहूदी तबाह हो गए★जो अहले हदीस कहलाते थे। कुछ समय से उन्होंने तौरात को छोड़ दिया था और जैसा कि आज तक उनकी आस्था है। उनका मज़हब यह था कि हदीस तौरात पर निर्णायक है। उनमें ऐसी हदीसों का बाहुल्य था कि जब तक एलिया दोबारा अपने इस भौतिक अस्तित्व के साथ आकाश से न उतरे तब तक उनका मसीह मौऊद नहीं आएगा। इन हदीसों ने उनको सख्त ठोकर में डाल दिया और वे लोग इन हदीसों पर निर्भर होकर हज़रत मसीह के इस विश्लेषण को स्वीकार न कर सके कि इल्यास से अभिप्राय यूहन्ना अर्थात् यहया नबी है जो इल्यास के स्वभाव और तबियत पर आया और उपमा के तौर पर उसका अस्तित्व लिया है। अत: समस्त ठोकरों का कारण उनकी हदीसें थीं, जो अन्तत: उनके बेईमान होने का कारण बन गईं। संभव है वे लोग इन हदीसों के अर्थों में भी ग़लती करते हों या हदीसों में कुछ मनुष्यों के शब्द सम्मिलित हो गए हों। संभवत: मुसलमानों को इस घटना की सूचना न होगी कि यहूदियों में हज़रत मसीह का इन्कार करने वाले अहले हदीस ही थे। उन्होंने उन पर शोर मचाया, कुफ्र का फ़तवा लिखा और उनको काफ़िर घोषित कर दिया और कहा कि यह मनुष्य ख़ुदा की पुस्तक को नहीं मानता। ख़ुदा ने इल्यास के दोबारा आने की सूचना दी, पर यह उस भविष्यवाणी का विश्लेषण करता है और बिना किसी उचित प्रमाण के उन सूचनाओं को किसी और तरफ़ खींच कर ले जाता है।★ उन्होंने हज़रत मसीह का नाम केवल काफ़िर ही नहीं अपितु अधर्मी भी रखा और कहा कि अगर यह व्यक्ति सच्चा है तो फिर मूसा का धर्म झूठा है। वह उनके लिए **फैज आवज** का युग (अन्धकार का समय) था। झूठी हदीसों ने उन्हें धोखा दिया। अत: हदीसों का अध्ययन करते समय यह विचार कर लेना चाहिए कि इस से पूर्व एक क़ौम हदीस को तौरात पर निर्णायक ठहराकर इस दशा तक पहुँच चुकी है कि उन्होंने एक सच्चे नबी को काफ़िर और दज्जाल कहा और उसका इन्कार कर दिया। पर मुसलमानों के लिए सही बुख़ारी अत्यन्त बरकत वाली और लाभप्रद पुस्तक है। यह वही पुस्तक है जिसमें स्पष्ट रूप में लिखा है कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम मृत्यु को प्राप्त हो गए हैं। इसी प्रकार हदीस की पुस्तक मुस्लिम और अन्य हदीसों की पुस्तकें अध्यात्म विद्या और समस्याओं के समाधान का अपार भण्डार अपने अन्दर रखती हैं और इस सतर्कता के साथ उन पर अमल करना आवश्यक है कि कोई विषय ऐसा न हो जो क़ुर्आन सुन्नत और उन हदीसों के विरुद्ध हो जो क़ुर्आन के अनुकूल हैं।

★**हाशिया :-** जिस समय हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम पर कुफ्र का फ़तवा लिखा गया उस समय वह पोलूस भी कुफ्र का फ़तवा लगाने वाले समूह में सम्मिलित था, जिसने बाद में स्वयं को रसूल मसीह के शब्द से विख्यात किया। यह व्यक्ति हज़रत मसीह के जीवन में आप का बहुत बड़ा शत्रु था। हज़रत मसीह के नाम पर जितनी भी इन्जीलें लिखी गई हैं उनमें से एक में भी यह भविष्यवाणी नहीं है कि मेरे बाद पोलूस तौबा करके रसूल बन जाएगा। हमें इस व्यक्ति के पूर्व चाल-चलन के विषय में लिखने की आवश्यकता नहीं कि ईसाई भली-भांति जानते हैं। अफ़सोस है कि यह वही व्यक्ति है जिसने हज़रत मसीह को जब तक वह इस देश में रहे बहुत दु:ख दिया था और जब वह सलीब से मुक्ति पाकर कश्मीर की ओर चले गए तो उसने एक झूठे स्वप्न द्वारा स्वयं को हवारियों में दाख़िल किया और तीन ख़ुदाओं का मामला गढ़ा और ईसाइयों पर सुअर को वैध कर दिया, जबकि वह तौरात की दृष्टि से हमेशा के लिए अवैध था और मदिरा को ख़ूब बढ़ावा दिया और इन्जीली आस्था में तीन ख़ुदाओं की कल्पना का समावेश कर दिया ताकि इन समस्त नए अनुचित कर्मों से यूनानी मूर्ति पूजक प्रसन्न हो जाएं। इसी से।

(रूहानी ख़ज़ायन जिल्द 19 पृष्ठ 55 से 57)

☆ ☆ ☆
☆ ☆

पृष्ठ 2 का शेष

हैं, मुलाकातें हैं, तब्लीग़ है संगोष्ठियां हैं, अन्य कार्यक्रम भी हैं। विज्ञापन, पुस्तिकाएं और बुकस्टाल हैं। यह एक बहुत बड़ा काम है। यही कारण है कि जो बजट बनाएं इस का आगे ब्रैक डाऊन करें और फिर काम करें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया, विज्ञापन दें। बड़े शहर में, वर्ष में 40 हज़ार क्रोनन खर्च किए जाएंगे। विज्ञापनों से कम से परिचय तो हो जाएगा कि आप कौन हैं। ख़ुद को पेश करने के लिए आपको नए माध्यम तलाश करने होंगे। एक बार अच्छी तर्क समझा दें। बाकी अल्लाह तआला पर छोड़ दें।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि तब्लीग़ के लिए सफर का बजट तब्लीग़ के बजट में होगा। चन्दा के अधिग्रहण के लिए, और तरबियती प्रोग्रामों के लिए बजट तरबियत में बजट में होगा। *हुज़ूर अनवर ने सैक्रेटरी तहरीक जदीद बराए नौमुबाईन से पूछा कि पिछले दस वर्षों के कितने नौमुबाईन हैं और कितने हैं जिन के साथ सम्पर्क स्थापित हैं। सैक्रेटरी ने कहा कि दो को छोड़कर, सब से संपर्क और संबंध थे, दो विवाह के लिए अहमदी हुए थे शादी टूट गई तो वह वापस चले गए।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि आमला के सदस्यों को एक एक बैअत का लक्ष्य दें और मुरब्बियों को दो दो बैअतों का लक्ष्य दें। हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि तब्लीग़ के लिए विज्ञापन दें। समाचार पत्रों से संपर्क करें और नई दिशाएं निकालें।

सैक्रेटरी अमूरे ख़ारजा को निर्देशित करते हुए हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि आपको प्रेस और मीडिया से संपर्क करना चाहिए। यदि आप कोई गाइड लाईन बनाएंगे तो अन्य पीढ़ी आप से बेहतर कार्यक्रम बना लेंगी। साल की योजना बनाएं पांच साल के लिए योजना बनाएं।

यहां 349 संसद सदस्य हैं, जिनमें से आप के छह के साथ संबंध हैं। दूसरें से भी संबंध बनाएं। अपने रिश्ते बढ़ाएं। ख़ारजा की एक टीम बनों। किशोरों को अपने साथ रखें।

नेशनल सैक्रेटरी माल ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि 382 लोगों में से 158 लोग मूसी हैं। वसीयत करने वालों की कुल संख्या 266 है। इस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि अभी तक कमाने वाले आदमियों में से 50 प्रतिशत वसीयत करने वालों के लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए। सैक्रेटरी मल ने कहा कि वसीयत करने वालों के चन्दे का स्तर दूसरों से बेहतर है। इस पर हुज़ूर ने फरमाया कि दूसरों से गुणवत्ता बेहतर है।

*नेशनल सैक्रेटरी प्रकाशन ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि ख़ुद्दाम ने किताब "पाप से मुक्ति कैसे संभव है?" का स्वीडिश भाषा में ट्रांसलेशन किया है। इसी प्रकार एक और पुस्तक की समीक्षा की गई है। हुज़ूर अनवर ने इस पर कहा, और किताबों का अनुवाद करें और कमेटी को अपने काम को तेज़ करने के लिए कहा। नेशनल सैक्रेटरी जायदाद ने कहा कि अब हमारी पास जायदादें हैं। एक गोथन बर्ग में दो माल्मो में एक स्टाकहोम में और एक लोलियो में।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि आपकी माल्मो की पुरानी इमारत इसलिए ख़राब हुआ है कि आप इस का रखरखाव नहीं करते हैं। आपके पास नियमित रखरखाव का बजट होना चाहिए और वहां के सैक्रेटरी जायदाद को हर महीने रिपोर्ट देनी चाहिए कि क्या काम हुआ है। नियमित प्रत्येक माह रिपोर्ट लिया करें। समय पर मुरम्मत न करवाने से नुकसान होता है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह ने माल्मो के पुराने मिश्न हाऊस बैयतुल हमद का विस्तार से जायज़ा लिया और इस बारे में अमीर साहिब स्वीडन को कुछ प्रशासनिक हिदायतें दीं। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद महमूद माल्मो के निर्माण के खर्च, मस्जिद के फण्ड और आगामी आने वाले बिलों की अदायगी और अनुमानित खर्च का विस्तार से समीक्षा की और इस बारे में प्रशासन को निर्देश दिए।

हुज़ूर अनवर ने निर्देश देते हुए कहा कि हर विभाग का काम है कि अपना बजट बनाए कि हम ने इस साल ये ये काम करने हैं और अपने कार्यों के मद्देनज़र अपना बजट तैयार करे। अगर विभाग का बजट होगा तो काम करेगा। * नेश्नल सैक्रेटरी ज़याफत से सम्बोधित होते हुए हुज़ूर अनवर ने फरमाया आज कल तो आप बहुत व्यस्त हैं। आने वाले मेहमानों और जमाअत के मेहमानों की ज़याफत की तौफीक़ मिल रही है।

सैक्रेटरी उद्योग और व्यापार को संबोधित करते हुए हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि उद्योग और व्यापार करें और अपने कार्यक्रम बनाऐं।

* नेशनल सैक्रेटरी तरबियत से हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि यह एक प्रमुख विभाग है। यदि आपकी तरबियत हो जाएगी तो आपकी सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। आप समीक्षा कर सकते हैं कि कितने घरों में डिश हैं। एम.टी.ए के साथ प्रत्येक को संबद्ध करें। नमाज़ों के अदा करने की तरफ ध्यान दें, कुरआन करीम की तिलावत की तरफ ध्यान दिलवाएं। तरबियत के कार्यक्रम बनाएँ और हर किसी को सक्रिय करें। जिन को माली कुर्बानी चन्दों को अदा करने की तरफ ध्यान नहीं उन्हें ध्यान दिलाएं ।

राष्ट्रीय सैक्रेटरी सअई तथा बसरी ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि पिछले चार महीनों से एक वृत्तचित्र पर काम कर रहे हैं। इसी प्रकार, वेब साइट पर कुछ कार्यक्रम और इनट्रवियू डाले हैं। हुज़ूर अनवर ने फरमाया इस्लाही कमेटी के बारे में पूछा कि यह कमेटी क्या काम कर रही है? सैक्रेटरी तरबियत इस समिति का अध्यक्ष होता है उसे पता ही नहीं। इस कमेटी बने हुए एक साल हो गया है। सैक्रेटरी तरबियत को इस का पता होना चाहिए। * राष्ट्रीय शिक्षा सैक्रेटरी से हुज़ूर अनवर ने पूछा कि क्या आप जानते हैं कि कितने छात्र विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जा रहे हैं।? हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि ख़ुद्दाम, लज्ना के साथ मिलकर, छात्रों के डेटा प्राप्त करें और अपना रिकॉर्ड पूरा करें। ख़ुद्दाम तथा लज्ना की एसोसिएशन बनाएं।

* नेश्नल सैक्रेटरी वक्फे नौ को,हिदायत देते हुए हुज़ूर अनवर ने फरमाया आपने स्लैबस बनाया हुआ है। हर महीने अपनी प्रगति की रिपोर्ट भेजें। जो स्लैबस तैयार हए हैं उन्हें लज्ना को भी दें, वे अपनी कक्षाओं का ख़ुद प्रबंध करेंगी। अगर लज्ना समझती है कि उन्हें मुरब्बी से सहायता लने की आवश्यकता है तो वे मुरब्बी से सहायता ले सकती हैं।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि वक्फे नौ के प्रोग्रामों की ज़िम्मेदारी सैक्रेटरी वक्फे नौ की है मुरब्बी की नहीं है। मुरब्बी का दूसरा काम तब्लीग़ और तरबियत करना है लेकिन आप अपने कार्यक्रमों में उनसे मदद ले सकते हैं।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया अब तो 21 साल वाला स्लैबस भी आ गया है। यह स्लैबस भी लज्ना को दें और सदर लज्ना अपनी सहायक सदर की सहायता से वाक्फाते नौ की कक्षाओं की व्यवस्था करे। अब ये बड़ी आयु की लड़कियां हैं, अपनी कक्षाओं और कार्यक्रमों के लिए आज़ाद हों। अगर मुरब्बी सिलसिला या अमीर ने उन की कक्षाओं में कोई तकरीर करनी है तो वह पर्दे के पीछे से करे।

राष्ट्रीय सैक्रेटरी, वक्फे नौ, लजना से वाक्फाते नौ की रिपोर्ट ले लिया करें ।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया एक तो वाकफीन नौ और वाकफ़ात नौ ने पंद्रह साल की उम्र में अपना वक्फ फार्म भरना है और फिर जब विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा समाप्त करें तो फिर अपना दोबारा वक्फे नौ फार्म भिजवाएं।

राष्ट्रीय सैक्रेटरी वक्फ नौ ने बताया कि वाकफीन की कुल संख्या 122 है जिनमें 19 ख़ुद्दाम और 26 लजनात हैं, 21 अत्फाल हैं, 16 नासिरात हैं और बाकी 40 छोटी उम्र के बच्चे बच्चियां हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया, रसाला इस्माईल और मर्यम मंगवाएं। हुज़ूर अनवर ने फरमाया: अपना नियमित बजट बनाएं और ये रसाले मंगवाएं। जिन को उर्दू अंग्रेज़ी,भाषा नहीं आती उन्हें पत्रिकाओं के साथ स्वीडिश भाषा में लेखों का अनुवाद करके दें। रसाला पहले चली जाए बाद में अलग से अनुवाद करे के भिजवाएं। नेश्नल सैक्रेटरी अमूरे आम्मा ने रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि नए रिफीयजीज़ आ रहे हैं और उन के लिए काम की तलाश है। उनके लिए नौकरियों की तलाश कर रहे हैं।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि छात्र भी समीक्षा करें कि कितने छात्र काम कर रहे हैं या अपनी शिक्षा और पेशे से हटकर मजबूरन दूसरी job कर रहे हैं। उनकी भी समीक्षा की जानी चाहिए।

* नेश्नल सैक्रेटरी वक्फे जदीद ने बताया कि हमारा चन्दा वक्फे जदीद का वादा 2 लाख 46 हज़ार 953 करोंज़ है। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: बच्चों को भी साथ जोड़ें। बच्चों से भी चन्दा लें।

* मुहासिब ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि नियमित हिसाब का रिकॉर्ड रखा जाता है। हर महीने का हिसाब करता हूं। * नेशनल सैक्रेटरी वसाया ने बताया कि यहां कमाने वालों की संख्या 382 है और उनमें से वसीयत करने वालों की संख्या 158 है। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया, आप आधेके लगभग हैं। अपना लक्ष्य प्राप्त करें।

* भीतरी लेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट देते हुए कहा कि हर तीन महीने में नियमित आडिट करता हूं।

हुज़ूर अनवर ने सैक्रेटरी रिश्ता नाता को निर्देश दिया कि जिन के रिश्ते नहीं

हुए उन की सूचि और नाम इन्ट्रनेशनल कमेटी लंदन को भेजें और मुझे हर महीने अपनी रिपोर्ट भेजें। हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि आपका डेटा सुरक्षित स्थान पर होना चाहिए और आपकी समिति की हर महीने मीटिंग होनी चाहिए। अपने काम की समीक्षा करें और प्रत्येक सदस्य को बताएं कि तुम्हारा काम है कि तीन रिश्ते करवाएं। हुज़ूर अनवर ने फरमाया , यहां जो डेटा है, वह केंद्रीय सैक्रेटरी रिश्ता नाता के पास ही रहेगा।हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि लजना रिश्ता नाता के हवाले से अपने तौर पर विशेष कार्यक्रम रख सकती है कि रिश्ते कैसे तय होने चाहिए। कैसे व्यवहार होने चाहिए। वार्तालाप में कई मुद्दे सामने आएंगे। हुज़ूर अनवर ने फरमाया , अपने सभी जमाअतों में सैक्रेटरी रिश्ते नाता को सक्रिय करें। हुज़ूर अनवर ने नमाज़ों में हाज़री के हवाले से फरमाया कि क्या दूरी अधिक है याद करवाते रहा करें। ख़ुत्बों में नमाज़ों के बारे में ध्यान दिलाता रहता हूं। आप का काम है कि ध्यान दिलाते रहा करें। जो दूर घर हैं वहां चार पांच घर मिल कर सेन्टर बना लें नमाज़ पढ़ लिया करें।

ख़ुदा तआला ने फरमाया है कि नसीहत करते जाओ। नसीहत करना तुम्हारा काम है। पुलीस फोर्स बनना हमारा काम नहीं है। उहेदेदार ध्यान दिलाते रहें। नसीहत करने का आदेश है। अत: नसीहत करते जाएं।

सैक्रेटरी तरबियत का काम है कि कार्यक्रम बनाए और इस तरह आरगनाईज़ करे कि मस्जिद आने वाले अपने साथ बिठाकर दूसरों को भी नमाज़ के लिए ले लिए ले आएं। जिन के साथ रिश्ते हैं उन को साथ ले आया करें।

अंत में, अमीर साहिब स्वीडन ने अनुरोध किया कि अब हमारे पास माल्मो में एक बड़ा केंद्र है। स्कैंडिनेवियाई देशों का जलसा कभी स्वीडन में और कभी नॉर्वे में हो जाया करे। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया , जमाअत के सामने ने एक नियमित प्रस्ताव रख कर इसे फिर भेजें।

नेशनल मज्लिस आमला स्वीडन की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के साथ मीटिंग साढ़े आठ बजे समाप्त हुई। इस के बाद आमला के मेम्बरों ने हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीर ख़िंचवाई।

इसके बाद कार्यक्रम के अनुसार आठ बज कर पच्चीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ आदरणीय मामूनुर्रशीद साहिब अमीर जमाअत अहमदिया स्वीडन के घर तशरीफ़ ले गए और रात का ख़ाना भोजन खाया। बाद में, नौ बज कर 50 मिन्ट पर यहां से वापसी हुई। दस बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद नासिर में पधार कर नमाज़ मग़रिब तथा इशा जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश पर पधारे।

**23 मई 2016 (सोमवार)**

**गौथनबर्ग से और लंदन को रवानगी**

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह तीन बजकर 45 मिनट पर तशरीफ़ लाकर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ के अदा करने के बाद,हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपने निवास स्थान पर गए।

आज स्वीडन से लंदन प्रस्थान का दिन था। मस्जिद नासिर के बाहरी परिसर में सुबह से ही जमाअत के दोस्त मर्द, महिलाओं और बच्चे बच्चियां अपने प्यारे आक़ा को अलविदा कहने के लिए जमा थे। बच्चियों के समूह विदाई नज़्में

हर गाम पर हो फिरिश्तों को लश्कर हो साथ साथ
हर मुल्क में तुम्हारी हिफाज़त ख़ुदा करे

पढ़ रहे थे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुब्ह नौ बजे अपने निवास स्थान से बाहर तशरीफ ले आए। और कुछ देर अपने आशिकों के मध्य में रहे। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने सामूहिक रूप से दुआ करवाई और गोथन बर्ग के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गए।

पुलिस ने हुज़ूर अनवर के वाहन की सुरक्षा की। 9 बजकर 40 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ एयरपोर्ट पर तशरीफ़ लाए और प्रोटोकॉल अधिकारी ने हुज़ूर अनवर को Receive किया और स्वागत किया और हुज़ूर अनवर विशेष लाउंज में पधारे। हुज़ूर अनवर के आगमन से पहले सामान बुकिंग करके बुकिंग कार्ड पूरा किए गए थे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने लाऊज में कुछ देर आराम किया। यहां से सुबह 10:45 पर, हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला जहाज़ पर सवार होने के लिए रवाना हुए। विशेष व्यवस्था के तहत, हुज़ूर अनवर की गाड़ी जहाज़ की सीढ़ियों तक लाई गई थी। प्रोटोकॉल अधिकारी जहाज़ के दरवाज़ा तक हुज़ूर अनवर को छोड़ने आए था। इस अवसर पर आदरणीय मामूनुर्रशीद साहिब अमीर जमाअत स्वीडन, आदरणीय आग़ा याह्या ख़ान मुबल्लिग़ इन्चार्ज स्वीडन और आदरणीय ज़ीशान साहिब इन्चार्ज सुरक्षा टीम ने भी हुज़ूर अनवर को जहाज़ के द्वार पर अलविदा कहा। हुज़ूर अनवर जहाज़ के अंदर चलो गए।

ब्रिटिश एयरवेज उड़ान BA 791 ग्यारह बज कर 15 मिनट पर गोथनबर्ग एयरपोर्ट से लंदन (यू.के) के हीथ्रो हवाई अड्डे के लिए रवाना हुए। ब्रिटेन का समय स्वीडन से एक घंटा पहले है। लगभग दो घंटे की उड़ान के बाद ब्रिटेन के स्थानीय समय के अनुसार सवा बारह बजे विमान लंदन के हीथ्रो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। जहाज़ के द्वार पर प्रोटोकॉल अधिकारी ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का स्वागत किया और अपने साथ विशेष लाउंज में ले आए जहां आदरणीय रफीक़ अहमद हयात साहिब अमीर जमाअत यू.के, आदरणीय साहिबज़ादा मिर्ज़ा वक़ास अहमद साहिब सदर मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया, आदरणीय मुहम्मद अहमद नासिर साहिब अधिकारी सुरक्षा विशेष ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का स्वागत किया और हाथ मिलाने का सौभाग्य प्राप्त किया।

आप्रवासन अधिकारी ने इसी लाउंज में आकर पासपोर्ट देखा। यहां एयरपोर्ट से दोपहर एक बजे रवाना होकर लगभग एक बजकर चालीस मिनट पर मस्जिद फज़्ल लंदन में पदारे जहां जमाअत के दोस्त एक बड़ी संख्या में अपने प्यारे आक़ा का स्वागत करने आए थे। मस्जिद के बाहरी इलाके में एक तरफ महिलाएं और बच्चियां खड़ी थीं और दूसरी तरफ मर्द तथा बच्चे खड़े थे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया ने अपना हाथ ऊंचा कर के सब को अस्सलामो अलैकुम कहा और अपने निवास स्थान पर पधारे।हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के डेनमार्क और स्वीडन के इस ऐतिहासिक और दूरगामी दौरा में जिन ख़ुश नसीब लोगों को सफर में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उन के नाम रिकार्ड के लिए नीचे लिखे जाते हैं

हज़रत सैयदा अमुतल सबूह साहिबा मद्दे ज़िल्ला आली (हरम सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़)। आदरणीय मुनीर अहमद जावेद साहिब (निजी सैक्रेटरी)। आदरणीय मुबारक अहमद ज़फर साहिब (अतिरिक्त वकीलुल माल लंदन) आदरणीय अबीद वाहिद ख़ान (इन्चार्ज प्रेस और मीडिया ऑफिस लंदन) आदरणीय मेजर महमूद अहमद साहिब (अधिकारी सुरक्षा स्पेशल लंदन) अदरमीयण नासिर अहमद सईद साहिब (रक्षा विभाग) आदरणीय सख़ावत अली बाजवा साहिब (रक्षा विभाग) आदरणीय मुहसेन अवान साहिब (रक्षा विभाग) विनीत अब्दुल मजीद ताहिर (एडीशनल वकील, तबशीर लंदन) इसके अलावा आदरणीय महमूद अहमद ख़ान और आदरणीय ज़फर अहमद साहिब (रक्षा विभाग लंदन) एक कार्यक्रम के अधीन हुज़ूर अनवर की डेनमार्क आगमन से पहले, डेनमार्क पहुंचे थे और वहां से यह दोनों सदस्य काफिले में शामिल हुए।

इसके अलावा MTA अंतरराष्ट्रीय यू.के के निम्नलिखित सदस्यों ने इस दौरे के दौरान ख़ुत्बा जुम्अः, मस्जिद महमूद माल्मो का उद्घाटन और दोनों देशों में Reception के समारोह, हुज़ूर अनवर के इनट्रवियू और अन्य कार्यक्रमों की रिकॉर्डिंग और डेनमार्क और स्वीडन से Live प्रसारण के लिए इस यात्रा में साथ रहे ।आदरणीय मुनीर अहमद औदा साहिब। आदरणीय सोहराब जशान साहिब, आदरणीय सफीरुद्दीन साहिब, आदरणीय अताउल अव्वल साहिब आदरणीय अदनान ज़ाहिद साहिब आदरणीय ज़ाकिर ज़कीउल्लाह अहमद साहिब, आदरणीय सईद वसीम साहिब

आदरणीय उमैर आलीम साहिब इन्चार्ज मख़ज़ने तस्वीर भी इस दौरा में शामिल थे।जर्मनी से डॉ आदरणीय अतहर ज़ुबैर साहिब डेनमार्क और स्वीडन के इस सफर में डाक्टर के रूप में ड्यूटी के कर्तव्य पर इस सफर में रहे। अल्लाह तआला उन सभी के लिए यह सफर मुबारक करें। इसके अलावा मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया जर्मनी से दस ख़ुद्दाम पर आधारित सुरक्षा टीम हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क आगमन से पहले ही डेनमार्क पहुंची थी और फिर डेनमार्क और स्वीडन के सारे यात्रा में साथ रही। इन सभी खुद्दाम ने भी बहुत चुस्ती से और ख़ुशी के साथ अपने कर्तव्यों को अदा किया। फजज़ा-हमुल्लाह अहसनल जज़ा।

(समाप्त)

☆ ☆ ☆

# हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिजरत की घटना तथा अल्लाह तआला के समर्थन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पवित्र पत्नी हज़रत आयशा[रज़ि] वर्णन करती हैं कि जब से मैंने होश संभाला मैंने अपने माता पिता को मुसलमान पाया। कोई दिन ऐसा नहीं गुज़रता था जिसमें हुज़ूर सुबह या शाम हमारे घर न आते हों। जब मुसलमानों की परीक्षा बढ़ गई और कुफ़्फ़ार ने अत्याचार की सीमा कर दी तो हज़रत अबूबकर भी हब्शा की तरफ़ हिजरत की निय्यत से घर से निकल खड़े हुए। जब आप "बर्कुल ग़मादा" स्थान पर पहुंचे तो इब्न दुग़ना मिला वह कारह क़बीले का सरदार था उसने कहा: हे अबू बकर आप कहाँ जाते हैं? अबूबकर ने कहा: मुझे मेरे लोगों ने निकाल दिया है। अब चाहता हूं कि दुनिया में घूमुं और फिरूं और अल्लाह की इबादत करूं। इब्ने दुग़ना ने कहा। हे अबूबकर तेरे जैसे को न शहर से निकलना चाहिए न निकाला जाना चाहिए। तू मिट्टी हुई नेकियों को प्राप्त करता है। रिश्तेदारों से उत्तम व्यवहार करता है। गिरे पडों को उठाता है। मेहमानों की मेहमान नवाज़ी करता है। राष्ट्र की सच्ची जरूरतों में मदद करने को इच्छुक रहता है। मैं तुझे शरण देता हूँ। अपने शहर में वापस चलो और अल्लाह की इबादत करो। (आप को कोई कुछ नहीं कह सकता) अत: अबूबकर वापस आ गए। इब्न दुग़ना भी आप के साथ आया। शाम के समय क़ुरैश के सम्मानित लोगों में घूमा फिरा और उन्हें कहा अबूबकर जैसे लोगों को लाभ देने वाले व्यक्ति को न निकालना चाहिए। क्या तुम ऐसे व्यक्ति को निकालते हो जो मिटी हुई नेकियों को जीवित करता है। रिश्तेदारों से उत्तम व्यवहार करता है। गिरे पड़ों को उठाता है। मेहमानों की मेहमान नवाज़ी करता है। राष्ट्र की सच्ची जरूरतों में मदद करने को इच्छुक रहता है। क़ुरैश ने इब्ने दुग़ना की इन बातों को न झुठलाया और उसके द्वारा दी गई शरण स्वीकार कर ली। लेकिन यह कहा कि उन्हें कहें कि अपने घर में ही अल्लाह तआला की इबादत करें। वहाँ ही नमाज़ पढ़ें और कुरान की तिलावत करें। लोगों के सामने ऐसा कर के हमें दु:ख न दें क्योंकि हमें डर है कि हमारी महिलाएं और बच्चे प्रभावित होंगे और फित्ने में पड़ेंगे।

इसलिए इब्ने दुग़ना ने अबूबकर के पास जाकर यह बातें कह दीं इन नियमों का पालन करते हुए हज़रत अबूबकर घर में ही अल्लाह की इबादत करते और लोगों के सामने न नमाज़ पढ़ते न तिलावत करते। फिर कुछ समय के बाद हज़रत अबू बकर के मन में आया और उन्होंने अपने घर के आंगन में एक मस्जिद बना ली। इस में नमाज़ पढ़ने लगे और बैठ कर तिलावत करने लगे। इसलिए मुशरिकीन महिलाओं और बच्चों की आप के पास एक भीड़ होने लगी। वे बड़े आश्चर्य से आप को देखते क्योंकि हज़रत अबु बकर बहुत आह और ग़ुज़ारी करने वाले व्यक्ति थे। जब कुआन पढ़ते तो आप को अपनी आंखों पर नियंत्रण नहीं रहता और रो रो कर तिलावत करते। इस बात से क़ुरैश के सरदार घबरा गए उन्होंने इब्ने दुग़ना को बुलावा भेजा और जब वह आया तो उसे कहा। हम ने आप की वजह से उनको शरण दी थी और शर्त रखी थी कि वह अपने घर में इबादत करे, लेकिन उसने इससे अधिक किया और घर के आंगन में मस्जिद बना ली और घोषणा कर के अपने रब्ब की इबादत करता है हम डरते हैं कि हमारी महिलाऐं और बच्चे प्रभावित होंगे। आप उसे मना करें तो अगर वह अपने रब्ब की इबादत अपने घर के अंदर तक सीमित रखना मान ले तो ठीक, वरना उसे कहें कि वह अपनी सुरक्षा आप को वापस लौटा दे। क्योंकि हमें यह पसंद नहीं है कि हम आपके द्वारा दी गई सुरक्षा का अपमान करें लेकिन हम उनको भी घोषणा कर के ऐसा करने नहीं देंगे। हज़रत आयशा कहती हैं कि इब्ने दुग़ना अबूबकर के पास आया और कहा। आप जानते हैं कि मैंने किन शर्तों पर आप को सुरक्षा दी थी, या तो उन पर स्थापित रहिए या फिर मेरी सुरक्षा वापस कर दीजिए क्योंकि मुझे यह पसंद नहीं कि अरब यह सुनें कि मेरी दी हुई सुरक्षा का अपमान किया गया है। इस पर हज़रत अबूबकर ने कहा मैं आप की सुरक्षा आप को वापस करता हूँ और अल्लाह तआला की सुरक्षा और उसकी दी गई सुरक्षा पर ख़ुश हूँ।

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इन दिनों मक्का में थे और हुज़ूर ने मुसलमानों को बता दिया था कि मैंने सपने में हिजरत का स्थान देखा है दो घाटियों के बीच खजूरों के बगीचों वाली जगह है। इसलिए हुज़ूर के इस आदेश पर कुछ सहाबा मदीना की ओर हिजरत कर गए और हब्शा की ओर जिन लोगों ने हिजरत की थी उनमें से कई मदीना वापस चले आए। हज़रत अबु बकर भी मदीना की ओर हिजरत करने की तैयारी करने लगे। जब हुज़ूर को पता चला तो आप ने हज़रत अबुबकर को कहा। अभी ठहरो। क्योंकि उम्मीद है कि मुझे भी हिजरत की अनुमति मिल जाएगी। इस पर हज़रत अबूबकर कहा मेरे माता पिता आप पर फिदा हों, क्या वास्तव में आप को उम्मीद है ? आपने कहा हाँ। इसलिए वे रुक गए लक्ष्य था कि वह हुज़ूर के साथ ही हिजरत करेंगे। उन्होंने अपनी दो ऊंटनियों को चार महीने तक घर में कीकर के पते का चारा डालकर अच्छी तरह तैयार किया।

हज़रत आयशा कहती हैं कि एक दिन हम अपने घर में बैठे थे कि ठीक दोपहर के समय किसी ने आकर हज़रत अबुबकर को सूचना दी कि सिर पर चादर ओढ़े आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम चले आ रहे हैं। हालांकि आप इस समय कभी हमारे घर न आए थे। हज़रत अबूबकर घबराए उठे और कहा। मेरे माँ बाप आप पर फिदा हूं। ख़ुदा की क़सम! कोई बड़ी महत्त्वपूर्ण बात है जिसकी वजह से आप इस समय आए हैं।

हुज़ूर जब आए तो अपने अंदर आने की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर अंदर पधारे। अबूबकर को कहा (मुझे एक महत्त्वपूर्ण बात करनी है) जो उस समय यहां बैठे हैं उन्हें कमरे से बाहर भेज दो। अबूबकर ने पूछा। मेरे पिता आप पर फिदा हों! यह आप के घर के लोग हैं (और ग़ैर नहीं हैं राज़ रखने वाले हैं) फिर हुज़ूर ने हज़रत अबू बकर को बताया कि मुझे मक्का से हिजरत करने की अनुमति मिल गई है। इस पर उन्होंने अर्ज़ किया। क्या हुज़ूर मुझे भी साथ ले चलेंगे? आपने कहा। हाँ। फिर हज़रत अबूबकर ने पूछा। हुज़ूर मेरा बाप आप पर फिदा हो इन दो ऊंटनियों में से एक आप ले लें। आप ने कहा ठीक है लेकिन इसकी क़ीमत दूँगा।

हज़रत आयशा कहती हैं हमने दोनों का सफर का सामान तैयार किया और दोनों के लिए रास्ते की चीज़ें एक बैग में डालीं। (बैग का मुंह बान्धने के लिए उस समय कुछ नहीं मिल रही था) मेरी बहन अस्मा ने अपने कमरबंद का एक टुकड़ा फाड़ा और उससे बैग का मुंह बांध दिया इसलिए अस्मा का उपनाम "ज़ातुन्नताक़" पड़ गया। हज़रत आयशा कहती कि फिर आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और अबूबकर मक्का से निकल कर सौर नामक पहाड़ की एक गुफा में जा छिपे और तीन रात वहीं छिपे रहे। मेरे भाई अब्दुल्लाह इन दिनों बिल्कुल जवान थे, बड़े मजबूत और मेहनती। वह दिन भर मक्का में क़ुरैश के पास रहते और जो कुछ सुनते उसे याद कर लेते। रात को वह गुफा में चले जाते, सभी समाचार बताते और मुँह अंधेरे सुबह के समय वापस मक्का में चले आते जैसे यह रात भर मक्का में ही रहे हों।

हज़रत अबू बकर के एक गुलाम आमिर पुत्र फहीरह थे। वह अपनी बकरियां चरा लिया करते थे। ईशा के समीप आमिर बकरियां गुफा के पास ले आते और ताज़ा दूध दोह कर हुज़ूर और अबूबकर को पिलाते और मुँह अंधेरे वापस चले जाते। हर रात ऐसा ही होता।

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत अबूबकर ने बनी वैल के एक आदमी को मार्गदर्शन के लिए बतौर नौकर रख लिया। मार्गदर्शन में वह बड़ा विशेषज्ञ था। चप्पे चप्पे से परिचित था। हालांकि वह नास्तिक था लेकिन विश्वसनीय था। इसलिए हुज़ूर ने दोनों सवारियां उस के सुपुर्द कर दीं और उसे ताकीद की कि तीन रातों के बाद सुबह सवारियां लेकर गुफा के पास पहुंच जाए। इस तरह आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, अबूबकर और आमिर पुत्र फहीरह और रास्ता दिखाने वाला गुफा से चले। मार्ग दर्शक ने मदीने की ओर जाने वाला तटीय रास्ता अपनाया।

इब्ने शहाब कहते हैं कि अब्दुल रहमान पुत्र मालिक मदलजी जो सुराका का भतीजा था उसने मुझे बताया और यह बात अपने पिता से सुनी थी कि उसके भाई सुराका ने बताया। हमारे पास कुफ़्फ़ार क़ुरैश के दूत आए और आकर बताया कि क़ुरैश ने आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और अबूबकर को मारने वाले या जीवित पकड़कर लाने वाले को सौ सौ ऊंट बदला निर्धारित किया है। अर्थात प्रत्येक का बदला सौ ऊंट दिया जाएगा। एक दिन मैं अपने लोगों में बैठा हुआ था। एक व्यक्ति आया और उसने कहा, हे सुराका! मैं ने अभी समुद्री तट के पास कुछ लोग चलते हुए देखे हैं (मुझ से वे दूर था इसलिए पहचान तो नहीं सका लेकिन) मुझे लगता है कि मुहम्मद और उनके साथी हैं। सुराका का वर्णन है कि मैं समझ गया कि यह वही हैं लेकिन आदमी को टालने के लिए कहा। नहीं यह नहीं है। आप ने उन को देखा होगा जो अभी हमारे सामने से गुजर कर गए हैं। बहरहाल कुछ देर में सभा में बैठा रहा। फिर चुपके से उठा और घर आ गया। अपनी सेविका से कहा: टीले की ओर मेरी घोड़ी ले आओ और वहाँ मेरे आने तक उसे रोके रखो। मैंने अपना भाला लिया और घर के पिछली ओर कूद गया। कुछ दूरी तय करके

EDITOR
SHAIKH MUJAHID AHMAD
Editor : +91-9915379255
e-mail : badarqadian@gmail.com
www.alislam.org/badr

REGISTERED WITH THE REGISTRAR OF THE NEWSPAPERS FOR INDIA AT NO RN PUNHIN/2016/70553
The Weekly BADAR Qadian
Qadian - 143516 Distt. Gurdaspur (Pb.) INDIA
POSTAL REG. No.GDP 45/ 2017-2019 Vol. 3 Thursday 15-22 November 2018 Issue No. 46-47

MANAGER :
NAWAB AHMAD
Tel. : +91- 1872-224757
Mobile : +91-94170-20616
e -mail:managerbadrqnd@gmail.com

ANNUAL SUBSCRIBTION: Rs. 500/- Per Issue: Rs. 10/- WEIGHT- 20-50 gms/ issue

और ऊंची जगहों से छिपते छिपाते में घोड़ी के पास पहुंच गया और उस पर सवार होकर उसे दौड़ाया। वह हवा हो गई। जब आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के काफिला के क़रीब पहुंचा तो मेरी घोड़ी फिसली और मैं उससे आगे जा गिरा। जल्दी से उठा अपनी तरकश से अपना हाथ बढ़ाया और उसके फाल का तीर निकाला और फाल लिया कि इन लोगों को नुकसान पुहुचां सकूंगा या नहीं। लेकिन वह तीर निकला जिसे पसंद नहीं करता था। बहरहाल मैं घोड़ी पर फिर सवार हो गया तीर की बात न मानी और घोड़ी ने मुझे काफिला के इतना क़रीब कर दिया कि मुझे आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कुरआन की तिलावत की आवाज़ सुनाई दे रही थी। हुज़ूर ने तो मुड़ कर नहीं देखा लेकिन अबूबकर बार बार मुड़ कर मेरी ओर देखते जाते थे। इस बीच मेरी घोड़ी के दोनों अगले पैर ज़मीन में घुटनों तक धंस गए। मैं इस से तेज़ी से उतरा। उसे बहुत झिड़का। वह उठी और अपने पैर निकालने की कोशिश की। जब वह सीधी खड़ी हो गई तो उसके पैर जमीन से निकलने के कारण ऐसा गुबार आसमान की ओर उठा जैसे धुआं उठता है। तब मैंने तीर से फाल लिया लेकिन वही तीर निकला जिसे पसंद नहीं करता था। इस पर मैं घबराया आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़ाफ़िले को आवाज़ दी। शांतिपूर्ण रहने का वादा किया। इस पर वह ठहर गए घोड़ी पर सवार होकर मैं काफिले के पास पहुंचा। यह जो कुछ मेरे साथ पेश आया। इस से मुझे यकीन हो गया कि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जरूर विजय और सफल होंगे। इसलिए मैंने आप को बताया कि हुज़ूर आपकी क़ौम ने आपको पकड़कर लाने वाले का बदला निर्धारित किया है। अन्य परिस्थितियां भी मैंने बताईं कि लोगों के आप से संबंधित क्या इरादे हैं। मैंने यह पेशकश की कि कुछ ज़ाद राह और सामान प्रस्तुत करना चाहता हूँ। लेकिन हुज़ूर ने मेरी यह पेशकश स्वीकार न की। लेकिन यह कहा कि हमारे बारे में राज़ से काम लो और किसी को न बताओ। इस अवसर पर मैंने हुज़ूर से भी अनुरोध किया कि मुझे शांति की रचना लिख दीजिए। हुज़ूर ने आमिर पुत्र फहीरा को इर्शाद फरमाया। यह चमड़े के एक टुकड़े पर मुझे लिख दी गई। फिर हुज़ूर आगे चल पड़े।

इब्ने शहाब कहते हैं कि मुझे उरवह पुत्र ज़ुबैर ने बताया कि इस यात्रा में ज़ुबैर भी हुज़ूर से मिले जो मुसलमानों के एक वाणिज्यिक काफिला में सीरिया से वापस आ रहे थे। ज़ुबैर ने हुज़ूर और अबूबकर को सफेद कपड़े उपहार के रूप में भेंट प्रस्तुत की। जो दोनों ने पहने। उधर मदीना में मुसलमानों को यह ख़बर मिल चुकी थी कि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का से निकल कर मदीना की ओर रवाना हो चुके हैं और पहुंच रहे हैं। इसलिए वे हर रोज़ सुबह के समय मदीना की ऊंचे काले पत्थर वाली चिकनी खुली जगह पर जिसे हुर्रह कहते थे आकर हुज़ूर का इंतज़ार करते और दोपहर को वापस चले जाते। एक दिन वह लंबे इंतजार के बाद वापस आए और अभी घरों में पहुँचें ही थे कि एक यहूदी अपने किसी काम के लिए एक टीले पर चढ़ा उसने आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आपके साथियों को आते देखा जो सफेद उज्जवल कपड़े पहने हुए थे। धीरे धीरे वह स्पष्ट हो रहे थे अर्थात् करीब आ रहे थे। यह देखकर यहूदी बेइख़्तियार चिल्ला उठा और उसने पूरी आवाज के साथ शोर मचाया। हे अरबो! वह जिस का तुम कई दिनों से इंतजार कर रहे थे। मुसलमान यह सुनते ही अपने हथियार लेकर दौड़ पड़े और बड़े वालहाना तरीके से हुर्ह के मध्य में हुज़ूर का स्वागत किया। हुज़ूर मुसलमानों के साथ दाईं घूम गए ओर बनी अमरू पुत्र औफ के यहां ठहरे और यह रबी उल अव्वल की दूसरी तिथि थी। वे आने वाले लोगों के साथ बातचीत करते और हुज़ूर भविष्य की गहरी सोच में चुप बैठे थे जिन अंसार ने हुज़ूर को नहीं देखा था वह अबूबकर को ही आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम समझते। जब धूप इस तरफ आई जहां आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बेठे थे तो अबूबकर आए और अपनी चादर से आप पर साया किया। इस से लोगों ने पहचाना कि हुज़ूर आप हैं। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पुत्र अमरू के यहां दस से कुछ अधिक दिन रहे और

## हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीहिल ख़ाामिस का उपदेश

"फिर इंटरनेट का दुरुपयोग यह भी आजकल बहुत बड़ी व्यर्थ बात है। उसने कई घरों को उजाड़ दिया है। एक तो यह संपर्क का बड़ा सस्ता स्रोत है तो उसके द्वारा कुछ लोग फिरते फिराते रहते हैं और पता नहीं कहाँ तक पहुँच जाते हैं। शुरू में कार्य के रूप में सब काम हो रहा होता है फिर बाद में यही कार्य आदत बन जाता है और गले का हार बन जाता है छोड़ना मुश्किल हो जाता है क्योंकि यह भी एक प्रकार का नशा है और नशा भी बुराई है। क्योंकि जो उस पर बैठते हैं कई बार जब आदत पड़ जाती है तो व्यर्थ चीज़ो की तलाश में घंटों अकारण, बे उद्‌देश्य समय बर्बाद कर रहे होते हैं। तो यह सब व्यर्थ चीजें हैं। आजकल कुछ वेबसाइटें जहां जमाअत के ख़िलाफ या जमाअत के किसी व्यक्ति के खिलाफ गंदे गलीज़ प्रचार या आरोप लगाने का सिलसिला शुरू हुआ हुआ है। तो लगाने वाले तो ख़ैर अपनी सोच में समझ रहे हैं, अपनी बुद्धि के अनुसार तो वह जमाअत को कोई नुकसान पहुंचा रहे हैं हालांकि उनकी इन व्यर्थ बातों से किसी को भी कोई हानि नहीं होती। जमाअत का शायद एक प्रतिशत वर्ग भी यह नहीं देखता हो, उसे शायद पता भी न हो। तो बहरहाल यह सभी व्यर्थ बातें हैं .. इसलिए जिस हद तक व्यर्थ बातों से बचा जा सकता है, बचना चाहिए और इस आविष्कार का बेहतर उद्‌देश्य से लाभ उठाना चाहिए।

ज्ञान बढ़ाने के लिए इंटरनेट के आविष्कार का उपयोग करें। यह नहीं कि या आपत्ति वाली वेबसाइटों खोजते रहें या इंटरनेट पर बैठ स्थायी बातें करते रहें। आजकल बातें जिसे (Chatting) कहते हैं। कई बार यह बातें मजिलसों का रूप ले लेतीं है। इस में भी फिर लोगों पर आरोप तराशियां हो रही होती हैं, लोगों का मज़ाक भी उड़ाया जा रहा होता है तो यह भी एक व्यापक पैमाने पर मजलिस का एक रूप बन चुकी है इसलिए इससे भी बचना चाहिए।"

(ख़ुत्बाते मस्रूर भाग 2 पृष्ठ 593 से 595)

☆ ☆ ☆
☆ ☆

वहां मस्जिद की स्थापना की जिसका कुर्आन में इन शब्दों में उल्लेख आता है। "ल मस्जेदुन उस्सेस अलत्तकवा ।"

हुज़ूर ने मस्जिद में नमाज़ पढ़ी। फिर आप ऊंटनी पर सवार हुए और मदीना की ओर चल पड़े। आपकी ऊँटनी वहाँ आकर बैठ गई जहां इन दिनों मस्जिद नबवी है वहाँ मुसलमान अस्थायी रूप से नमाज़ पढ़ते थे। यह जगह सुहेल और सहल नामक दो अनाथ बच्चों की थी और खजूरें सुखाने के मैदान के रूप में इस्तेमाल होती थीं। यह अनाथ बच्चे असद पुत्र ज़ुराह की निगरानी में रहते थे।

बहरहाल जब हुज़ुर की ऊँटनी वहाँ बैठी तो हुज़ूर ने कहा हमारा वास्तविक गंतव्य यही है। फिर हुज़ूर उन दोनों लड़कों को बुलाया और इस क्षेत्र की क़ीमत चुकाने के बारे में बात की ताकि आप वहां मस्जिद बनाएं तो इन दोनों बच्चों ने कहा कि हुज़ूर हम यह जगह तोहफे के रूप में आपकी सेवा में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन हुज़ूर ने उसे स्वीकार नहीं किया और मूल्य देकर जगह खरीदी और वहां मस्जिद बनवाई जो अब मस्जिद नबवी के नाम से प्रसिद्ध है। मस्जिद के निर्माण में हुज़ूर भी लोगों के साथ ईंटें उठा उठाकर लाते और साथ ही यह शेर पढ़ते:

यह बोझ ख़ैबर वाला बोझ नहीं यह तो हमारे रब्ब का अच्छा और पवित्र बताया हुआ काम है। हे मेरे अल्लाह असली इनाम तो अगले जीवन का इनाम है, अंसार और मुहीजिरों पर अपना रहम प्रकट फ़र्मा।

(बुखारी अध्याय हिजरत अल्नबी दूत अली इला मदीना

☆ ☆ ☆
☆ ☆

Printed & Published by: Jameel Ahmed Nasir on behalf of Nigran Board of Badar. Name of Owner: Nigran Board of Badar. And printed at Fazle-Umar Printing Press. Harchowal Road, Qadian, Distt. Gurdaspur-143516, Punjab. And published at office of the Weekly Badar Mohallah - Ahmadiyya, Qadian Distt. Gsp-143516, Punjab. India. Editor:Shaikh Mujahid Ahmad